ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 34, अंक 131, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 14

हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 13

## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद

विजयवाड़ा, एजेंसी



तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है।

**चीन वीजा घोटाला**

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीन वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।

# मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

## कांग्रेस नेता ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए।

**राहुल के सवाल**

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



### अंबानी के चैनल से भ्रम फैलाया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे।

### निवेशकों को डरा रहे राहुल गांधी : गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर घरेलू और विदेशी निवेशकों को डराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरी बार सत्ता में लौटने के साथ ही शेयर बाजार में तेजी आनी शुरू हो गई है।




**एक नजर**

### एसआईटी हिरासत में 10 तक रहेगा प्रज्वल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था।

### बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली।' 'रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है।

# मोदी 3.0 : संसदीय दल की बैठक आज

## चंद्रबाबू नायडू व नीतीश कुमार सहित राजग के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति मुर्मू को सौपेंगे समर्थन की सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे तमाम विदेशी नेता



मोदी 3.0 के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। शुक्रवार को भाजपा नेतृत्व वाले राजग के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। जिसके बाद तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार सहित गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। रविवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, मालदीव समेत अन्य पड़ोसी मुल्कों के प्रमुख नेता शामिल होंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक हैं।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद नड्डा और शाह ने शाम को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

राजग की शुक्रवार को होने वाली बैठक से पूर्व लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौपेंगे। शिवसेना सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि उनके बेटे और तीन बार के सांसद श्रीकांत शिंदे के बजाय अन्य वरिष्ठ सांसदों को मंत्री पद देने पर विचार किया जाए। वहीं, तेलगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू चाहते हैं कि केंद्र आंध्र प्रदेश को अमरावती में राजधानी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे। वह यह भी चाहते हैं कि नई सरकार पृथक तेलंगाना राज्य के बाद आंध्र प्रदेश के लिए जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करे। तेदेपा की 16 सीटों के बाद जद (यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। नई सरकार के अस्तित्व के लिए भाजपा को इन दोनों दलों पर निर्भर रहना होगा।

### चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की।

### आदर्श आचार संहिता हटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

### पड़ोसी मुल्कों के नेता भी शपथ के बनेंगे साक्षी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने हेतु भारत ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को पहले ही निमंत्रण भेज दिया गया है। इसके अतिरिक्त नेपाल, मालदीव, भूटान, मॉरीशस के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है। मालदीव के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मुइज्जू देश के विदेश मंत्री और कुछ अन्य नेताओं के साथ समारोह में भाग लेने के लिए नई दिल्ली आएंगे। अमेरिका के एनएसए भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विदेशी नेताओं की अतिथि सूची पड़ोसी प्रथम की नीति और हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण माने जाने वाले द्वीप देशों पर उसके रणनीतिक रूप से ध्यान केंद्रित करने को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। वर्ष 2019 में मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में बिम्सटेक देशों के नेता शामिल हुए थे।

# महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली जाते समय चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाक्या
- सीआईएसएफ ने महिला सिपाही को किया निलंबित

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने 'पंजाब में आतंक और हिंसा में हैरान करने वाली वृद्धि' शीर्षक से एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई। उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। जब मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

### पंजाबियों पर कंगना की टिप्पणी घृणित : धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कंगना रनौत द्वारा पंजाब और पंजाबियों को लगातार निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। कंगना का यह कहना कि पंजाब में आतंकवाद बढ़ रहा है, उनकी बीमार मानसिकता का परिचायक है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी अपनी जुबान से फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के माहौल को प्रदूषित कर रहा है।

# मोदी की शपथ से पहले जद (यू) ने उठाया अग्निपथ का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीतीश की पार्टी ने अग्निपथ योजना की समीक्षा की मांग की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शपथ से पहले ही राजद के प्रमुख घटक दलों ने भाजपा से अपनी मांग रखनी शुरू कर दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद (यू) ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना की समीक्षा किए जाने की मांग उठाई है। जद (यू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा अग्निपथ योजना को लेकर मतदाताओं के एक हिस्से में नाराजगी रही है। हमारी पार्टी चाहती है कि विस्तार से उन कमियों और खामियों को दूर किया जाए जिसको लेकर जनता ने सवाल उठाए हैं। जद (यू) के वरिष्ठ नेता का ये बयान बुधवार को राजग की बैठक के एक दिन बाद आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बैठक में सर्वसम्मति से राजग का नेता चुना गया था।

केंद्र सरकार ने साल 2022 में 14 जून को सेना में जवानों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। कांग्रेस और कई विपक्षी दलों ने इस योजना का विरोध किया था। कुछ राज्यों में इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए थे। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अग्निपथ योजना को बड़ा मुद्दा बनाया था और कहा कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो इसे रद्द कर देंगे।

### केंद्र में तीन मंत्रालयों पर नजर

जद (यू) केंद्रीय मंत्रिमंडल में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिए जाने की उम्मीद कर रही है। नीतीश ने 2019 में केंद्रीय मंत्रिमंडल में केवल एक स्थान की पेशकश को ठुकरा दिया था और तीन साल बाद उनकी पार्टी ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। राजग में तेदेपा के बाद जद(यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी बनकर उभरी है। जद (यू) के एक शीर्ष नेता का कहना है कि पार्टी की नजर कैबिनेट की तीन सीट पर है, जिससे उसे जाति गणना का प्रबंधन करने में मदद मिल सकती है, जो अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। बिहार में 12 लोकसभा सीटें जीतने वाली जद(यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे नेता नीतीश कुमार जी के द्वारा तय किया जाएगा।

### बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग हमारे दिल में

नीतीश के राजनीतिक सलाहकार और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्यागी ने हालांकि यह स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ नहीं है। त्यागी ने कहा कि जद (यू) ने राजग को बिना शर्त समर्थन दिया है लेकिन बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग हमारे दिल में है। उन्होंने कहा बंटवारे के बाद बिहार ने जिस स्थिति का सामना किया है, उसे विशेष दर्जा दिए बिना ठीक नहीं किया जा सकता है।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

**कोटा, एजेंसीः** नीट-यूजी के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी।

# तिहाड़ में भिड़े कैदी, एक घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदियों के बीच हुई मारपीट
- घायल कैदी अस्पताल में भर्ती हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है और उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की ओर से हरि नगर पुलिस थाने को सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि जख्मों को देखते हुए आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जेल के अंदर के सूत्रों ने बताया कि हितेश अन्य कैदियों से बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

# शिवपाल हो सकते हैं विस में नेता प्रतिपक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार

- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अखिलेश यादव ही लेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम़ भूमिका निभा सकते हैं। इस लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और 37 सीटें जीतने के साथ सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है।

मालूम हो कि अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार अखिलेश यादव को कोई एक पद छोड़ना होगा। सूत्रों के मुताबिक विधायक पद छोड़ने के बाद करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा, जिसमें परिवार से ही उम्मीदवार उतारे जाने की संभावना है।

# समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

### बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

### जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

## एक नजर

### असीम अरुण ने दी अखिलेश यादव को सांसद बनने की बधाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) व कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक असीम अरूण ने, सपा के अखिलेश यादव को सांसद चुने जाने की बधाई दी है। लोकतंत्र के महत्व बताते हुए गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कन्नौज में नगर पालिका अध्यक्ष बसपा से है, मै भाजपा का विधायक हूं और आप समाजवादी पार्टी से सांसद है। असीम अरूण ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अखिलेश यादव से कहा कि हम सब मिलकर कन्नौज का और तेजी से विकास करने में सफल होंगे।

# गांवों में बनेंगे 2,501 सीएससी व 125 लर्निंग सेंटर

**100** पंचायत भवनों का होगा निर्माण, किराये पर संचालित केंद्र स्थाई जगह किए जाएंगे शिफ्ट

**1** हॉल और चार कक्ष वाले पंचायत भवनों में बनेंगे लर्निंग सेंटर एलईडी, वाईफाई, कैमरा, सोलर और एसी की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की सुविधा के लिए 100 पंचायत भवन, 125 पंचायत लर्निंग सेंटर व 2,501 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बनेंगे। इनमें नये निर्माण के अलावा किराये पर संचालित केंद्रों को स्थाई जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। चयन में बाहरी राज्यों से लगे सीमावर्ती गांवों का प्राथमिकता दी जाएगी।

पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 का यह लक्ष्य निर्धारित करके सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं हैं वहां बनेंगे। इससे ग्रामीणों को योजना व विभागीय कार्य के लिए ब्लॉक व मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम सचिव पंचायत भवन में करेंगे। लर्निंग सेंटर उन पंचायत भवनों में बनेंगे जिसमें एक हॉल व चार कक्ष है। कुल सात लाख रुपये से सभागार, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, मेज-कुर्सी, आरओ, सोलर, एसी आदि इंतजाम करके वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम की तरह बनाया जाएगा। यहां समय-समय पर ग्रामीणों व प्रधानों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसी तरह जो सीएससी बनेंगे वहां पेंशन, अनुदान, सम्मान निधि, बीमा, आय, जाति प्रमाण जैसे सभी ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। किराये पर संचालित होने वाले भवन भी नये में शिफ्ट होंगे। निदेशक अटल कुमार राय ने बताया कि सभी डीपीआरओ को ग्राम पंचायत चयन करने के निर्देश दिए हैं।



▸▸ अन्य प्रदेश से लगे गांवों का प्राथमिकता से होगा चयन

# मंडी समिति भी नहीं खरीद पा रही गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1.25 लाख एमटी लक्ष्य, 98 केंद्रों पर 26,584 एमटी खरीद

▸▸ मंडियों पर आवक तो हो रही लेकिन आढ़ती कर रहे खरीद

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण मंडी समितियां अपने केंद्रों पर किसानों से गेहूं नहीं खरीद पा रही हैं। जबकि मंडियों पर आवक तो हो रही पर किसान समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर परिसर में बैठे आढ़तियों को बिक्री कर रहे हैं। इसका असर खरीद के लक्ष्य पर पड़ा है।

प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने अपने परिसर में 98 केंद्र खोले हैं। कुल 1.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है। जो 15 जून तक पूरा करना है। स्थिति यह है कि मार्च से अब तक 26,584 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो पाई है। कुल 4700 किसानों से 61 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा गया है। इसमें मंडी समितियों ने किसानों को 59 करोड़ रुपये भुगतान किया है। कम खरीद की वजह बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक है और मंडी में बैठे आढ़ती किसानों को अधिक दाम देकर गेहूं खरीद रहे है। 15 जून तक खरीद होगी लेकिन, इन हालात में लक्ष्य पूर्ति करना मुश्किल है। जबकि मंडी में केंद्र किसानों की सुविधा के लिए खोले गए हैं, जिनका फायदा आढ़तियों को मिला है।

### 9.28 लाख एमटी की खरीद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद की बात करें तो इस वर्ष भी खराब स्थिति है। 1 मार्च से 6 जून तक 9 .28 लाख मीट्रिक टन क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदा जा सका है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। कुल 6,485 केंद्रों पर 1,79,392 किसानों ने गेहूं बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

# नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता को बने अच्छी कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, अलग-अलग विभागों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा की रहे पूरी व्यवस्था

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के स्थानान्तरण, और नये पद सृजित करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि, माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प का अभियान तेज किया जाए। नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित कराएं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों की एक बैठक करते मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसडीआई से उम्मीद जतायी कि वे अपने क्षेत्र में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करें। वहां खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि हर एक व्यवस्था को सूक्ष्मता से देखें और जहां कमी हो तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि, परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक और शिक्षक यह सुनिश्चित कराएंगे कि हर छात्र-छात्रा निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आए। इसके लिए डीबीटी की धनराशि समय से भेजी जाती रहे।

मुख्यमंत्री के अनुसार विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी आवश्यक परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएं। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए। योगी के अनुसार टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण को और तेज किया जाना चाहिए। इसके लिए खरीद की प्रक्रिया समय से पूरी कर लें।

### ये भी दिए निर्देश

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू हो।
- सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्य समय से हों पूरे।
- शहरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।
- स्ट्रीट डॉग की समस्या का हो स्थायी समाधान।
- बारिश में जलभराव न हो, मलिन बस्तियों में सफाई रहे।
- खनन कार्य वाले वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो।
- नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछले सत्र का सारा बकाया भुगतान हो
- बालू, मोरम, गिट्टी की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो।
- कमिश्नरी स्तर पर महिला संरक्षण गृह क्रियाशील कराएं।

### बजट से हो आवश्यक खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का आवश्यक खर्च किया जाना तय किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है।

### कॉरीडोर का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर सरकार का सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा। इसके अंतर्गत राज्य में आगरा और प्रयागराज में दो नोड विकसित किए जाने हैं। परियोजना के लिए भूमि की कमी नहीं होनी चाहिए। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार के साथ सतत संवाद संपर्क बनाए रखें।

# युवाओं ने मुख्यमंत्री से साझा कीं समस्याएं



गुरुवार को सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आई युवती के शिकायती पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा, आमजन से जुड़े कार्यों में अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोस चुनाव बाद गुरुवार को फिर से जनता दर्शन शुरू किया। योगी के सरकारी आवास पर गुरुवार को काफी संख्या में पीड़ित पहुंचे जिसमें युवाओं की संख्या काफी रही। इन सभी ने मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा सुनाई। मुख्यमंत्री ने हर एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या समझी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए कहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्य में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने यहां आए हर युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े जो भी मुद्दे न्यायालय में लंबित हैं, उनमें अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं। हर समुदाय को बिन किसी भेदभाव के सराकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

# अहंकार से भाजपा का पतन:अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी विधानसभा क्षेत्र से हार गए हैं।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया। उजड़े किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। अपनी जमीन से उजड़े लोगों के पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजें में जनता ने सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लग रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग परेशान है।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए क्षेत्राधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ क्षेत्राधिकारी की पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

▸▸ बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात हैं क्षेत्राधिकारी, सरकारी आवास पर पत्नी ने पकड़ा

**अमृत विचारः** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए ।

बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की।

पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए। सीओ की पत्नी जांच में लगातार सहयोग करती रही और जांच होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई को फालो करती रही।

अंततः पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजकर अपना पीछा तो छुड़ा लिया, लेकिन अब मामला पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद यहां के शीर्ष अधिकारी जरूर तनाव में दिख रहे हैं। दरअसल अधिकारियों के तनाव का दूसरा कारण यह है कि सीओ जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद सीओ बड़े संकट में पड़ सकते हैं। हालाकि उन पर कार्रवाई होने को लेकर भी पुलिस मुख्यालय में चर्चाएं तेज हैं, क्योंकि उनकी पत्नी लगातार कार्रवाई की मांग कर रही हैं।उधर, पुलिस अधीक्षक से जब इस प्रकरण पर बातचीत की गई तो उन्होंने बस इतना बताया कि महिला की शिकायत आई थी, जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

# केजीएमयू में 60 कर्मियों की पदोन्नति

**अमृत विचार,लखनऊः** केजीएमयू में कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद और कुल सचिव रचना गंगवार ने अपने हाथों से 60 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र वितरित किये। पदोन्नति पाने वालों में विभिन्न संवर्ग में अकाउंटेंट, टेक्निकल संवर्ग( लैब) और डाइटिशियन शामिल हैं।

केजीएमयू के ब्राउन हॉल में गुरुवार को संपन्न पदोन्नति पत्र वितरण कार्यक्रम में केजीएमयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहली बार किसी कुलपति ने कर्मचारियों को प्रोन्नत पत्र वितरित किये हैं।

# चुनाव परिणामों पर दिल्ली में होगी चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष को देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की दिल्ली में बुलाई गई संसदीय बोर्ड की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर भी चर्चा संभावित है। इस बैठक के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी दिल्ली पहुंचेंगे। वहां लोस चुनाव के निराशाजनक परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ इन नेताओं की अलग से वार्ता होनी है।

इधर, लोकसभा चुनाव के बाद परिणामों को देखते हुए भाजपा सरकार और संगठन में आने वाले समय में बदलाव हो सकता है। संगठन स्तर पर हुई बैठकों में समीक्षा के बाद सभी जिलों से बूथवार रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय ने तलब की है ताकि कहां किस स्तर पर कमी रह गई समझा जा सके। सभी हारे लोकसभा प्रत्याशियों और जीते हुए सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की खामियां ओर उपलब्धियां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से साझा कीं हैं। सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों और बूथ तक के अध्यक्षों के बारे में रिपोर्ट तैयार हो रही है। दरअसल, कई मंत्रियों ही नहीं बड़े नेतागण भी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को नहीं जितवा सके।

### लगाया आरोप

चुनाव बाद केंद्र सरकार में मंत्री रहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर संगठन ने उनकी मदद नहीं की है। वहीं गाजियाबाद की लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर का भी आरोप रहा कि सुनियोजित तरीके से हर रची गई। ऐसी अन्य शिकायतों से भी प्रदेश के नेता राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराएंगे।

# 11 नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाओं पर संकट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में सीसीटीवी कैमरों की कनेक्टिविटी न कराने वाले 11 नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों पर 11 जून से शुरू होने वाली मुख्य परीक्षा नहीं कराई जाएंगी। नोटिस जारी करते हुए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि 28 मई 2024 तक सभी कॉलेजों को सीसीटीवी कैमरों से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद कई कॉलेजों ने निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि अभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबन्धकों को निर्देश दिए जा रहे हैं, कि दो दिन में सीसीटीवी कैमरों की कनेक्टिविटी कार्य पूर्ण कर लें, न करने वाले कॉलेजों के छात्रों को अन्यंत्र कॉलेजों में परीक्षा देने के लिए भेजा जाएगा। छात्रों का भविष्य व साल न खराब हो, इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने शुक्रवार को सभी कॉलेजों के साथ संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है।

### सीसीटीवी कैमरे न लगवाने वाले संस्थान

वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टमेट्री, देवरिया में केएम इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल्स, सीतापुर में रेनू महेश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज और स्कूल ऑफ ऑप्टेमेट्री आई हॉस्पिटल, सिद्धार्थ नगर में श्रीराम बिलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंउ मेडिकल सांइसेज, महराजगंज में केएमसी नर्सिंग एडं पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, लखीमपुर खीरी में श्रीजान इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एडं पैरामेडिकल साइंसेज, सहारनपुर में श्रीमती लता चैरिटेबुल हॉस्पिटल एडं नर्सिंग कॉलेज, बागपत में चौधरी चरण सिंह इंस्टीट्यूट और सेठ धनपाल चंद जैन हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट नर्सिंग एडं पैरामेडिकल साइंसेज के साथ ही सुल्तानपुर में कामायनी नर्सिंग कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं।

▸▸ सीसीटीवी कैमरे न लगाने वाले केन्द्रों के परीक्षार्थियों को दूसरे कॉलेज में देनी होगी परीक्षा

# जुलाई में घोषित हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की तिथि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 43 लाख अभ्यर्थियों का खत्म होगा इंतजार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है।

मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में उप्र. सहित अन्य राज्यों के कुल 43 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था। ऐसे में अब बोर्ड जुलाई में लिखित परीक्षा कराने की तैयारी कर रहा है।

# महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**अमृत विचार,लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलवाने के निर्देश दिये हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीजी अभियोजन दिपेश जुनेजा ने बताया कि अभियोजन निदेशालय द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की सुविधा का उपयोग करते हुए साक्षियों का बयान दर्ज करने के लिए प्रयास शुरू किया गया है। पिछले माह द्वितीय पखवाड़े में कुल 275 साक्षियों का वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से करवाया गया।एडीजी अभियोजन ने बताया कि वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से साक्षियों का बयान दर्ज करने पर जन सामान्य की कठिनाईयां दूर होगी।

# गाजियाबादः दो एसएचओ, 10 चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लूट की घटना को चोरी में दर्ज करना नेवाड़ी एसएचओ को पड़ा भारी

**अमृत विचारः** गाजियाबाद कमिश्नर ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो एसएचओ और 10 चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि अपराध नियंत्रण और शिथिलता बरतने के आरोप में उन्होंने 10 चौकी प्रभारियों और दो एसएचओ को हटा दिया है। उन्होंने बताया कि गत दिनों नेवाड़ी थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को थानाध्यक्ष ने चोरी की धारा में दर्ज किया था। इसकी शिकायत पर उन्हें हटाया गया। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारियों में विकास अग्निहोत्री, गोविंद सिंह, धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, सौरभ राठौर, रानू चौधरी, हरेंद्र मलिक, देवेश कुमार सिंह, सोहन गोला और विनोद कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी तरह नेवाड़ी और महिला थानाध्यक्ष को लाइन में भेजा गया। उन्होंने बताया कि रविता चौधरी को थानाध्यक्ष नेवाड़ी और रिंकू त्यागी को एसएचओ महिला थाना बनाया गया है।

# प्रदेश की आठ विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ लोकसभा चुनाव लड़ने वाले आठ विधायक बन गए हैं सांसद

**अमृत विचारः** संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आठ विधायक, सांसद बन गए हैं। जिसके बाद उन्हें अपना एक पद छोड़ना होगा। अगर वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देते हैं तो रिक्त सीटों पर अगले छह माह में उप चुनाव कराए जाएंगे। उप चुनावों में भाजपा को अपनी तीन व रालोद की एक और सपा को अपनी चार सीटें बचाने की चुनौती होगी।

सांसद चुने गए विधायकों में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव हैं, जो अब कन्नौज से सांसद बन गए हैं। अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट से विधायक लालजी वर्मा भी अब सांसद चुन लिए गए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के विधायक अवधेश प्रताप सिंह फैजाबाद के सांसद बन गए। संभल की कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी सांसद बन गए है। पश्चिम उप्र. की मीरापुर सीट के रालोद विधायक चंदन चौहान भी बिजनौर से सांसद चुने गए हैं।

# कई विभागों में रिक्त पदों पर होंगी भर्तियां

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ 1 जुलाई से शुरू हो रहा चयन वर्ष, विभागों के प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को दिए गए निर्देश

**अमृत विचारः** प्रदेश में एक जुलाई से चयन वर्ष शुरू हो रहा है।इस दौरान सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। नियुक्तियों में वे पद भी शामिल होंगे, जो 30 जून 2025 तक पदोन्नति से रिक्त होने वाले हैं। यह पूरी नियुक्ति प्रक्रिया 30 सितंबर 2024 तक पूरी करनी होगी।

यह निर्देश गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक जुलाई 2024 से चयन वर्ष 2024-25 प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान विभागों में जितने भी पद रिक्त हैं, या पदोन्नति के बाद रिक्त होने वाले हैं सभी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करनी है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या विलंब न किया जाये ताकि कर्मचारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो। मुख्य सचिव ने कहा विभागों में कार्मिकों की कमी से कार्यरत कर्मियो पर अतिरिक्त दबाव रहता है।

उन्होंने कहा कि एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक चलने वाले चयन वर्ष में पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों को भी शामिल किया जाये। साथ ही निर्देश दिए कि कार्मिक विभाग द्वारा भरे जाने वाले विभागाध्यक्ष व ठीक नीचे की पंक्ति के पद पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्मिक विभाग को 31 जुलाई तक भेज दिया जाए। अन्यथा संबन्धित अधिकारियों को तलब किया जाएगा। दुर्गा शंकर ने कहा कि शासन स्तर पर चयन समिति द्वारा भरे जाने वाले पदों के साथ ही विभागाध्यक्षों द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए भी 30 सितंबर तक नियुक्ति संबन्धीत कार्रवाई पूर्ण करनी होगी।

उन्होंने बताया कि बीते चयन वर्ष में नियुक्तियां न होने या अन्य कारणों से रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए विभागाध्यक्ष 30 जून 2024 तक संबंधित कार्रवाई पूरी की जाये।

### प्रोन्नति के लिए जल्द करें अधिकारियों का चयन

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि 30 सितंबर तक हर हाल में प्रोन्नति के लिए अधिकारियों का चयन कर लिया जाए। कहा कि समय से प्रोन्नति प्रक्रिया पूरी न होने से कामकाज पर असर पड़ रहा है। उन्होंने समय से कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

# जनसमस्याओं के समाधान का होगा हर संभव प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

**अमृत विचारः** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। साथ ही सुबह साढ़े नौ से साढ़े ग्यारह तक आवास पर लोगों से मिलेंगे। विधायक श्रीवास्तव ने गुरुवार को अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप नंबर 6389950309 पर आने वाली समस्याओं के तत्काल निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पटेल नगर निवासी ज्योति तिवारी ने पुल निर्माण के कारण आवागमन में आ रही परेशानी और कुर्बान अली ने जोन 7 में सडक निर्माण की जांच की मांग की। जबकि इंदिरा नगर निवासी रोहित तिवारी ने गंदे पानी की आपूर्ति की बात कही। इस मौके पर पार्षद संजय सिंह राठौर, राजेश सिंह गब्बर, उमेश सनवाल, हरीश चंद्र लोधी, भूपेन्द्र शर्मा, प्रमोद राजन आदि मौजूद रहे।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
20 वर्षों से अधिक अनुभव
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

### आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहेंगे। हल्की हवा चलेगी, धूप बढ़ेगी।

| 42.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- ला मार्टीनियर स्कूल एसडीएस अकादमी आईटीए चैंपियनशिप सीरीज-7 अंडर-12 के फाइनल मुकाबले- 8:00 बजे।
- नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस समाधान दिवस - 9:00 बजे।
- बीबीएयू में योग शिविर का आयोजन- 10:00 बजे।
- माध्यमिक शिक्षा निदेशालय शिविर कार्यालय पार्क रोड पर राजकीय शिक्षक संघ का धरना-11:00 बजे।
- कांग्रेस कार्यालय में श्रम प्रकोष्ठ की बैठक- 6:00 बजे।



नगर निगम की समीक्षा बैठक में महापौर, नगर आयुक्त और अन्य अधिकारी।

# 30 जून तक गृहकर जमा करें, मिलेगी 15 प्रतिशत की छूट

## कर निर्धारण और वसूली के लिए माह के दूसरे शनिवार, रविवार को वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- लोक भवन सहित शत्रु सम्पत्ति और व्यावसायिक भवनों का किया जाएगा कर पुनरीक्षण
- अन्य जोन के प्रतिष्ठान एनटीपीसी, 32वीं वाहिनी, जोन 6 की मछली मंडी से भी कर वसूली के निर्देश

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के भवन स्वामियों को 30 जून तक गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। छूट को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। कर निर्धारण और वसूली के लिए प्रत्येक वार्ड में महीने के द्वितीय शनिवार और रविवार को शिविर भी लगाए जाएंगे।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को बैठक कर नगर निगम की आय की समीक्षा की। इसमें उन्होंने कहा कि लोकभवन जैसे शासकीय प्रतिष्ठान, शत्रु संपत्तियों और हजरतगंज की अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का कर पुनरीक्षण कर वसूली में तेजी लाई जाए।

महापौर ने अन्य जोन में स्थित प्रतिष्ठान एनटीपीसी, 32वीं वाहिनी, जोन 6 की मछली मंडी आदि से कर वसूली के निर्देश भी दिए। महापौर ने कहा कि भवन स्वामियों की सुविधा के लिए चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में प्रत्येक महीने के द्वितीय शनिवार व रविवार को सभी वार्डों में शिविर लगाए जाएं।

इसमें कर निर्धारण के साथ कर की वसूली भी की जाए। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और सभी जोनल अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य मार्गों पर नगर निगम की जमीनें चिह्नित होंगी

महापौर ने मुख्य मार्गों पर नगर निगम की जमीनें चिह्नित करने के निर्देश भी दिए हैं। अधिकारियों को जमीनें चिह्नित कर 15 दिनों में रिपोर्ट देनी होगी। इसके अलावा नगर निगम की सीमा में छोटे और बड़े तालाबों पर अतिक्रमण चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। महापौर ने कहा कि कब्जेदारों को नोटिस देकर कार्रवाई की जाए।

# 10 लाख की आबादी तीन दिन झेलेगी पानी का गंभीर संकट

## कठौता झील में बचा 10 फीट पानी, 9 जून तक हो पाएगी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



**09** जून को सिंचाई विभाग छोड़ेगा नहर से पानी

**12** जून को झील तक पहुंचेगा शारदा नहर से पानी

**अमृत विचार :** कठौता झील में अब तीन दिन का ही पानी बचा है, इससे 9 जून तक ही आपूर्ति की जा सकेगी। सिंचाई विभाग शारदा नहर में 9 जून को पानी छोड़ेगा, जो 12 को झील तक पहुंचेगा। इससे 9 से 12 जून तक तीन दिन ट्रांस गोमती क्षेत्र की 10 लाख आबादी को पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा।

गोमती नगर स्थित कठौता झील को शारदा नहर से पानी मिलता है। नगर के अनुरक्षण कार्य के चलते सिंचाई विभाग ने नहर 10 मई से बंद कर रखी है। इससे झील को पानी नहीं मिल पा रहा है। झील से जलकल विभाग गोमती नगर और इंदिरा नगर क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति करता है। झील में पानी घटने के कारण जलापूर्ति में पांच घंटे की कटौती की जा रही है।

जलकल विभाग के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो समस्या हो सकती है। झील में लगभग 10 फीट पानी बचा है। इससे 9 जून तक ही आपूर्ति की जा सकती है। जरूरत पड़ने पर विभाग टैंकरों से क्षेत्र में जलापूर्ति कराई जाएगी।

### नहर बंद होने से बढ़ जाती है समस्या

सिंचाई विभाग शारदा नहर को साल में दो बार अनुरक्षण कार्य के लिए लगभग 22 दिनों तक बंद कर देता है। इस बीच कठौता झील को नहर से पानी नहीं मिलता है। गर्मी के दिनों में पानी की मांग बढ़ने और नहर बंद होने से पेयजल समस्या खड़ी हो जाती है। जलकल विभाग के पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। जलकल विभाग क्षेत्र में लगे अपने 100 पंप चलाकर और कठौता से आपूर्ति में कटौती करके स्थिति संभालता है।

> 9 जून को सिंचाई विभाग शारदा नहर में पानी छोड़ेगा। तीन दिन में पानी कठौता झील तक पहुंच जाएगा।
>
> -हेमंत वर्मा, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

# मल्टीस्टोरी बिल्डिंग समेत 10 भवन सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में मल्टीस्टोरी, व्यावसायिक बिल्डिंग, शॉपिंग कॉम्पलेक्स व रो-हाउस समेत कुल 10 भवन सील कर दिए। यह कार्रवाई बिल्डरों द्वारा प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण करने पर की गई।

गुरुवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम पुलिस बल के साथ पारा के अवन्ती विहार कॉलोनी पहुंची। यहां लगभग 1600 वर्गफिट में कमलेश वर्मा व अन्य द्वारा दुकानों व कमरों का निर्माण कर बन रहा शॉपिंग कॉम्पलेक्स सील कर दिया। इसके अलावा पिंक सिटी में शेखर शुक्ला व अन्य द्वारा बनाए जा रहे सात रो-हाउस सील किए। इसी क्षेत्र में राजू बिल्डर व अन्य द्वारा 2 हजार वर्गफिट में दुकानों व कमरों का निर्माण कर बन रहा शॉपिंग कॉम्पलेक्स सील किया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि बिल्डरों ने मानचित्र स्वीकृत कराया था, लेकिन निर्माण विपरीत किया गया। कार्रवाई अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा, रवि शंकर राय, अम्बरीश कुमार ने की।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम पर कुत्तों के झुंड ने बोला हमला

## पड़ोसियों ने बचाया, पेट में दांत व पीठ पर पंजे लगने से हुआ जख्मी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। घर के बाहर खेल पर पांच साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। पेट में दांत और पीठ पर पंजे लगने से मासूम जख्मी हो गया। बच्चे का बलरामपुर अस्पताल में इलाज कराया गया। अन्य जगह कुत्तों ने दर्जन भर से ज्यादा लोगों को घायल कर दिया।

नगर निगम जोन-2 के वजीरगंज में चौधरी गड़ैया निवासी अफजल का पांच साल का बेटा जुनैद बुधवार रात 9 बजे घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया।

पड़ोसियों ने किसी तरह उसे बचाया। बच्चे के पेट पर दांत और पीठ पर पंजे के निशान बन गए। परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया।

### दहशत में दो गांव के लोग

मलिहाबाद के ग्राम सहिलामऊ निवासी रामेश्वर के पालतू कुत्ते ने गुरुवार को कई लोगों को जख्मी कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में कुत्ते ने पहले रामेश्वर पर हमला बोला, फिर जलाउद्दीन, रमेश, गुड्डू, शुभम मुल्हे और पप्पू को ज़ख्मी कर दिया। यहां से भागा कुत्ता बगल के महमूदनगर गांव में पहुंच गया। वहां शिव कुमार, सुटल्लु, सुनीता व आबिद अली को काट लिया।

### कैचिंग दस्ता ने तीन कुत्ते पकड़े

दूसरे दिन घटना की जानकारी होने के बाद नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता शाम को मौके पर पहुंचा। टीम ने मौके से तीन कुत्तों को पकड़ा। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल 2023 में संशोधन की जल्द आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जुनैद के पेट पर दांत और पीठ पर पंजे के निशान हैं।

### कुत्तों के काटने की घटनाएं

- 30 मई 2024 को राजाजीपुरम में आठ वर्षीय मासूम को कुत्ते ने काटा
- 24 मई 2024 को विकासनगर में कुत्तों के दौड़ाने से युवक की गिरकर मौत
- 10 मई 2023 को बाजार खाला क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची को कुत्ते ने काटा
- 1 मार्च 2023 को सृष्टि अपार्टमेंट में किशोर को कुत्तों के झुंड ने काटा

### हाईकोर्ट के आदेश पर भी नगर निगम मौन

विकासनगर में 24 मई को कुत्तों के दौड़ाने पर भागे दो बच्चों की दीवार से टकराकर मौत हो गई थी। 1 जून को आशियाना में सुबह टहल रहे युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोला। दहशत में भागे ने युवक ने तलाब में झलांग लगाई और डूबने से उसकी मौत हो गई। इन घटनाओं का संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने नगर निगम का आदेश दिया कि कुत्तों का आतंक रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार करें। कोर्ट ने निगम से इस आशय का हलफनामा भी जुलाई में मांगा है। लेकिन नगर निगम अभी तक कोई रणनीति नही तय कर पाया।

## एक नजर

### डॉ. सूर्यकान्त बने रिसर्च प्रोजेक्टस कमेटी के अध्यक्ष बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने प्रोजेक्ट सेलेक्शन कॉमिटी का गठन किया है। यह कमेटी डिस्कवरी रिसर्च के क्षेत्र में इन्वेस्टिगेटर इनीसिएटेड रिसर्च प्रोजेक्ट इंटरमीडिएट ग्रांट के प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी। डॉ. सूर्यकान्त को कॉमिटी का अध्यक्षता बनाया गया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद देश में मेडिकल रिसर्च के क्षेत्र की सबसे बड़ी संस्था है। 25 एम्स, 700 से अधिक मेडिकल कालेज और अन्य शोध संस्थान आईसीएमआर को अपने रिसर्च प्रोजेक्टस भेजते हैं। उन शोध का गुणवत्ता के आधार पर चयन किया जाता है।

### श्रम राजभर मंत्री से आवास पर मिले श्रमिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर से एकत्र हुए श्रमिकों ने गुरुवार को श्रम मंत्री अनिल राजभर से उनके आवास पर मुलाकात की। श्रमिकों ने बताया कि हम लोग पहले राउंड में चुन लिए गए थे फिर भी अभी इजराइल नहीं भेजा गया है। श्रम विभाग के अधिकारियों को बुलाकर मामले को निस्तारित करने के लिए कहा। श्रम विभाग जाकर श्रमिकों ने दूसरे राउंड के श्रमिकों को पहले भेजने का आरोप लगाया। श्रम अधिकारी ने श्रमिकों की मांगें शासन भेज दी हैं। सहायक श्रमायुक्त शिप्रा चतुर्वेदी ने बताया कि श्रमिकों को किसी ने गलत जानकारी दी थी, उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है।

### हरिहरपुर में 6.14 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम हरिहरपुर में 6.14 करोड़ की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। खसरा संख्या 290 क्षेत्रफल 0.089 तालाब व खसरा संख्या 232 क्षेत्रफल 0.667 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में ऊसर के खाते में दर्ज है। नगर निगम की इस सम्पत्ति पर कुछ लोगों ने अस्थाई रूप से कब्जा कर लिया था। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के आदेश पर प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस बल और ईटीएफ के सहयोग से अवैध कब्जे हटा दिए।

# सुऐज इंडिया को दो और जोन में सीवर सफाई का काम देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जलकल विभाग ने जोन पांच और आठ के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा

**अमृत विचार :** नगर निगम के जोन पांच और आठ में सीवर सफाई का काम सुऐज इंडिया को देने की तैयारी है। कंपनी अभी छह जोन में काम देख रही है।

अभियंताओं ने दोनों जोन में सीवर सफाई का काम सुऐज इंडिया को देने का प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेज दिया है। वन सिटी वन ऑपरेटर के तहत एक कंपनी को पूरा काम सौंपने की बात कही गई है। प्रस्ताव पर सहमति मिलने पर पूरे शहर में सीवर सफाई का काम सुऐज इंडिया को सौंपा जा सकता है।

सुऐज इंडिया अभी जोन तीन के जानकीपुरम विस्तार और जोन चार के गोमती नगर विस्तार में काम नहीं देख रही है। जलकल विभाग के सचिव अनुसार कंपनी उन इलाकों को नहीं लेती है जहां एसटीपी नहीं हैं। वहां जलकल विभाग को सीवर की सफाई करनी पड़ रही है।

> जोन पांच और आठ में सीवर का काम सुऐज इंडिया को देने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। कंपनी पहले से नगर निगम के छह जोन में वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के तहत काम देख रही है। छूटे हुए इलाकों में भी सीवर सफाई का काम कंपनी को देने का प्रस्ताव दिया गया है।
>
> -रमेश चंद्र, सचिव, जलकल विभाग

जल निगम जोन पांच के आलमबाग क्षेत्र में 125 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन डाल रहा है। इससे आलमबाग के पांच वार्डों के 1.5 लाख की आबादी को फायदा होगा। आलमबाग क्षेत्र में सीवर लाइन न होने से जलकल विभाग सीवर व जलकर टैक्स नहीं लेता है। गोमती नगर विस्तार और जानकीपुरम विस्तार में भी जलकल विभाग सीवर सफाई का काम देख रहा है लेकिन टैक्स नहीं ले रहा है।

# दो अस्पतालों से मरीजों को मोबाइल पर भेजी जाने लगी जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के सरकारी अस्पताल, पीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मरीजों को हाथ से लिखी जांच रिपोर्ट दी जा रही थी। शासन ने सभी जगह पर कंप्यूटराइड सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद दो सीएचसी में कंप्यूटराइड सिस्टम लगाए गए हैं। अब घर बैठे मरीजों के मोबाइल पर जांच रिपोर्ट का मैसेज भेजा जा रहा है। 19 सीएचसी, 52 पीएचसी व 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में मरीजों की खून की जांच रिपोर्ट कागज पर लिखकर दी जा रही थी। ये रिपोर्ट दूसरे अस्पताल जाने पर डॉक्टर मान्य नहीं करते थे। मरीजों को दोबारा जांच करानी पड़ती थी। सभी अस्पतालों में कंप्यूटराइज्ड व्यवस्था लागू की जाएगी। पहले चरण में मोहनलालगंज व मलिहाबाद सीएचसी पर कंप्यूटराइजड सिस्टम लगा दिया गया है। अब मरीजों को उनके मोबाइल पर जांच रिपोर्ट भेजी जा रही है। सीएमओ डॉ. मनोज ने बताया कि दो केंद्रों पर ऑनलाइन सिस्टम लागू हुआ है। अन्य में व्यवस्था अगले माह तक लागू हो जाएगा।

# ध्वस्तीकरण के लिए हुआ अकबर नगर द्वितीय में सर्वे

## एलडीए और नगर निगम के अधिकारियों, अभियंताओं के साथ मौजूद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अकबर नगर में पुलिस बल के साथ सर्वे करने जाती एलडीए की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल नदी व बंधे पर बने आवासीय व व्यवसायिक भवन ध्वस्त करने की लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने कमर कस ली है। गुरुवार को पुलिस बल के साथ पहुंचे एलडीए व नगर निगम के अधिकारी व अभियंताओं ने अकबरनगर द्वितीय का सर्वे किया। शुक्रवार को प्रथम का सर्वे किया जाएगा।

अकबर नगर द्वितीय में मुख्य सड़क से लेकर मोहल्ले के अंदर तक तक भवन और वहां तक बुलडोजर व अन्य वाहन पहुंचने के लिए सड़क आदि इंतजाम देखे। कहां से ध्वस्तीकरण की शुरुआत होगी, कितने श्रमिक, मलबा उठाने के लिए वाहन, कितनी जेसीबी, पुलिस बल आदि संसाधनों का खाका तैयार किया। सर्वे में यह भी देखा कि कितने विस्थापितों को आवास मिले, कितने शिफ्ट हुए, कितने परिवार ने मकान खाली किए। इसी तरह एक से दो दिन तक सर्वे किया जाएगा। इसके बाद रिपोर्ट तैयार कर एलडीए शासन को भेजेगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कार्रवाई की जाएगी। शाम को सर्वे टीम के साथ एलडीए में उच्च अधिकारियों ने बैठक कर स्थिति जानी।

**पूर्व में चला था बुलडोजर, दिए विस्थापितों को आवास**

कुकरैल नदी के पुनरुद्धार को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने भी नदी व बंधे पर बने मकान व शोरूम आदि भवनों को अवैध मानकर कार्रवाई का आदेश दिया है। तीन माह पहले एलडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की थी। इस दौरान अयोध्या रोड पर 27 व्यवसायिक भवन व करीब 25 झोपड़-पट्टी गिराई थी। यहां रहने वाले लोगों के कोर्ट में जाने पर एलडीए ने कार्रवाई रोक दी थी और कोर्ट के आदेश पर एलडीए ने विस्थापितों को आवास आवंटित किए हैं।

### कई परिवारों को नहीं मिले आवास, डटे

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए ने पूर्व में अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में 1200 आवासीय व 100 से अधिक व्यवसायिक भवन तोड़ने के लिए चिह्नित किए थे। यहां के विस्थापितों को नोटिस जारी करने के साथ एक हजार से अधिक शहरी आवास दिए हैं। अब दूसरे चरण में 700 आवास आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। सभी चिह्नित विस्थापितों को आवास मिलने और उसमें शिफ्ट होने के बाद ही कार्रवाई करनी है। कोर्ट का भी यह आदेश है, जिसका एलडीए पालन कर रहा है। लेकिन, यहां के कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें नोटिस मिला है पर आवास नहीं मिला है। अनवर अली ने बताया कि यहां उनका घर बड़ा है। उनके अलावा चार लड़के अलग-अलग रहते हैं। लेकिन, उन्हें एक आवास दो कमरों का मिलेगा। बाकी परिवार कहां जाएंगे। इस वजह से कई परिवारों ने मकान खाली नहीं किए हैं।

**सुविधा का विस्तार** | फ्लाई दुबई का पहला विमान कल होगा रवाना, अभी घरेलू उड़ानों का हो रहा था संचालन

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस टर्मिनल-3 से शुरू होंगी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे का टर्मिनल-3। अमृत विचार

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू हो जाएगा।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस टर्मिनल का उद्घाटन 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। तब से घरेलू विमान सेवाएं संचालित थीं। विदेशी टर्मिनल की तरह इसे 6 साल में यात्रियों सुविधाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

नए टर्मिनल से अंतर्राष्ट्रीयसेवाएं शुरू होने के साथ लखनऊ भी दिल्ली की तरह तीन टर्मिनल वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में शामिल हो गया है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर दो टर्मिनल से अलग-अलग घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विमानों का संचालन हो रहा था। टर्मिनल- 1 से विदेश जाने वाली फ्लाइट्स उड़ान भरती थीं। टर्मिनल-2 से घरेलू विमानों का संचालन हो रहा था।

यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ नए टर्मिनल की जरूरत महसूस की गई थी। 2018 में नए टर्मिनल का निर्माण शुरू हुआ था। 2400 करोड़ रुपये लागत से 6 साल बाद टर्मिनल बनकर तैयार हो गया। अब इसे यात्री सेवाओं के लिए चालू कर दिया गया है।

### सुबह 6 बजे से उड़ान भरेंगे विमान

नए टर्मिनल ने अंतर्राष्ट्रीय विमानों का संचालन सुबह 6 बजे से शुरु हो जाएगा। अभी तक टर्मिनल-1 से संचालित इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सउदिया एयरलाइंस, ओमान एयर, थाई एयर एशिया, फ्लाइनास, सलाम एयर और फ्लाई दुबई के विमान यहां से उड़ान भरेंगे।

### एक ही टर्मिनल से मिलेंगे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विमान

टर्मिनल-3 से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विमान एक साथ उड़ान भरेंगे। इस टर्मिनल को दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में इसे प्रति वर्ष 80 लाख यात्रियों की क्षमता के लिए तैयार किया गया है। दूसरे चरण का काम पूरा होने के बाद हर साल यहां से 1.3 करोड़ यात्री अपना सफर तय कर सकेंगे।

### लक्ष्मण सर्कल से घूमकर उड़ेंगे विमान

टर्मिनल-3 से प्रस्थान करने वाले विमान लक्ष्मण सर्कल से घूमकर उड़ान भरेंगे। आगमन करने वाले यात्रियों को टर्मिनल के भूतल के गेट नंबर-1 से बाहर आना होगा। नए टर्मिनल को मेट्रो, इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा और ऑनलाइन टैक्सी सेवाओं से जोड़ा गया है। इससे लखनऊ एयरपोर्ट अब मल्टी मॉडल ट्रैवेल हब बन गया है।

# रोडवेज यात्री भी ऐप पर देख सकेंगे बसों की लाइव लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डायल 112 से जोड़ा जाएगा बसों में लगा पैनिक बटन
- निगम जल्द ही लांच करेगा ऐप, यात्रियों को होगी आसानी

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों के यात्री भी अब ऐप पर ट्रेनों की तरह बसों की लाइव लोकेशन देख सकेंगे। इसके लिए जल्द ही निगम इसी महीने ऐप जांच करने जा रहा है। इसके अलावा बसें में लगे पैनिक बटन को डायल 112 से जोड़ा जाएगा।

दिल्ली में गुरुवार को परिवहन निगम के अधिकारियों की एक बैठक हुई। इसमें डायल 112 से जोड़ने पर अंतिम निर्णय लिया गया। निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि ऐप इसी महीने लांच कर दिया जाएगा। इस ऐप पर कौन सी बस, किस रूट पर कहां है, कितनी स्पीड से चल रही है और कितनी देर में उनके पास तक पहुंच जाएगी ये देख सकेंगे। बस में कितनी खाली हैं, कितनी सीटों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है, किस-किस बस स्टेशनों पर रुकेगी और गंतव्य तक कब पहुंचेगी ये भी जानकारियां ऐप पर मिलेंगी। इस बस के पीछे और कितनी बसें हैं, उनकी टाइमिंग कब है, इसके बाद कौन-कौन सी रोडवेज बसें मिलेंगी ये भी ऐप पर पता चल जाएगा।

## एक नजर

### आंधी में गोमती बैराज का सुरक्षा जाल टूटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आंधी और बारिश के कारण गोमती बैराज पर सुरक्षा जाल टूट गया। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार सुबह शहर में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां तेज आंधी से बड़े वृक्ष क्षतिग्रस्त होकर सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गिर गए हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों को तेज आंधी के चलते टूटे और लटके हुए तारों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएसएनएल के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त लाइनों को तत्काल ठीक कराकर इंटरनेट सेवाएं बहाल कराने के निर्देश दिए।

### रिमोट कंट्रोल रोबोट का किया डेमो

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई फायर स्टेशन में गुरुवार को रिमोट कंट्रोल रोबोट का डेमो किया गया। बताया गया कि घटना के हिसाब से रोबोट को छोटा-बड़ा भी किया जा सकता है। सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ पीजीआई मामचंद समेत अन्य दमकलकर्मी मौजूद रहे। सीएफओ ने बताया कि रोबोट का दो क्विंटल वजन है। कई घटनाओं में दमकल कर्मियों का अंदर जा पाना मुश्किल होता है। ऐसे स्थानों पर इस रोबोट को भेजा जा सकता है। खास बात यह है कि इसको 200 मीटर दूर खडे होकर रिमोट से आपरेट किया जा सकता है। किसी भी बिल्डिंग के बेसमेंट से सीढ़ियों के सहारे कई मंजिल तक जा सकता है। 50 मीटर दूरी तक पूरी फोर्स से पानी फेंकता है। एक बार चार्ज करने पर सात घंटे तक काम कर करेगा।

### एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मी पर बच्चे को चोटिल करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक महिला हवाई यात्री ने सीआईएसएफ जवान पर बेटे को चोटिल करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। महिला यात्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद यात्रियों के साथ ही भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी में भी पहुंच गये। महिला का आरोप था कि सुरक्षाकर्मी ने बच्चे को चोटिल कर दिया। काफी देर तक चले इस हंगामे के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने महिला यात्री को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसी दौरान किसी यात्री ने इस घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# आंधी में उड़ी बिजली, बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

## घंटों बाद भी कई क्षेत्रों में आपूर्ति शुरू न होने पर उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बुधवार देर रात आई आंधी आने के साथ शहर के ज्यादातर हिस्सों की बिजली गुल हो गई। आंधी में कई जगह पेड़ और डालियां टूटकर तारों पर गिरने से 50 से अधिक पोल और लाइनें टूट गईं। इससे कई क्षेत्रों में घंटों बाद में आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई। इससे परेशान होकर कई उपकेंद्रों पर लोगों ने हंगामा किया।

गोमतीनगर के विपुलखंड-एक, दो व तीन में बिजली बाधित रही। गोमतीनगर विस्तार सेक्टर-एक उपकेंद्र के पटेलपुरम में ट्रांसफार्मर खराब हो गया। अधीक्षण अभियंता यदुनाथ राम ने बताया कि विनम्रखंड में 12 पोल, विकल्पखंड में आठ, चिनहट के नंदपुर में चार और चिनहट बाजार में दो पोल गिर गए। विपिनखंड, विराजखंड, मंत्री आवास, विभूतिखंड, लौलाई व शिवपुरी उपकेंद्र के कई स्थानों पर एचटी-एलटी लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। 50 से अधिक स्थानों पर टहनियां गिर गईं।

चिनहट ,इन्दिरानगर में भी पेड़ों की डालें टूटकर बिजली लाइनें पर गिरने से विपिनखण्ड, विराजखण्ड, मंत्रीआवास, विभूतिखण्ड, लौलाई,शिवपुरी विद्युत उपकेन्द्रों से सम्बन्धित कई फीडरों की आपूर्ति बाधित रही। विनम्न खण्ड में 12 पोल, विकल्प खण्ड में आठ पोल, चिनहट के नन्दपुर में चार पोल, चिनहट बाजार में दो पोल को नुकसान हुआ। लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। 50 से अधिक स्थानों पर टूटी डालें हटाकर लाइनों को ठीक किया गया। नए पोल भी लगाए गए। अहिबरनपुर में भी कई घंटे आपूर्ति बाधित रही ।

गऊघाट उपकेंद्र के जफरिया कॉलोनी में दो घंटे और इंदिरानगर के लक्ष्मणपुरी व इंदिरानगर सेक्टर-20 में बिजली गुल रही। इंदिरानगर बी-ब्लॉक में ट्रांसफार्मर बंद होने से एक घंटा बिजली बंद रही। बटलर कॉलोनी में शाम को पेड़ गिरने से एलटी लाइन का तार टूट गया। राजाजीपुरम सेक्टर-11, 12 में रात मे दो घंटे बिजली गुल रही। दुबग्गा के अहिबरन खेड़ा में दिन में चार से पांच घंटे तक बिजली गुल रही। ठाकुरगंज, आजादनगर, बालागंज में दो से तीन घंटे कटौती हुई। सरोजनीनगर के शांति नगर और गोसाईगंज के सूर्यामऊ में भी आपूर्ति बाधित रही।

अलावाजियामऊ में डालें गिरने से तार क्षतिग्रस्त हो गए। बीकेटी और डालीगंज क्षेत्र में करीब पांच बिजली के पोल टूटे हैं। नटकुर गांव व चन्द्रावल, माती गांव में पोल टूटने से कमलापुर माती, ठकुराइन खेड़ा, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, चन्द्रावल, नटकुर, लक्ष्मण खेड़ा समेत दर्जनों गांवों की आपूर्ति 12 घंटे बाधित रही।11 केवी विक्टोरिया फीडर पर बॉक्स में पानी भर गया। इसकी वजह से कुछ देर तक बिजली पूरी तरह गुल हो गई। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि कुछ ही समय में समस्या को दूर कर लिया गया।



देर रात आई आंधी से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास गिरा पेड़। अमृत विचार



विभूतिखंड में घर के बाहर खड़ी कार पर गिरा पेड़। अमृत विचार

### आंधी से राजधानी में जगह-जगह गिरे पेड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** आंधी में गोमती नगर विश्वास खंड में घर के बाहर खड़ी कार पर पेड़ गिर गया। वृंदावन योजना के सेक्टर 10 में शहीद पथ सर्विस लेन पर पेड़ गिरने से अवध विहार जाने वाला रास्ता तीन घंटे बंद रहा। सुबह होते ही नगर निगम के कंट्रोल रूम के फोन घनघनाने लगे। शहर में पेड़ गिरने की 34 शिकायतें आईं। आलमबाग के आनन्द नगर, रायबरेली रोड पर शीतल खेड़ा, विजय खंड गोमती नगर, लाटूश रोड गनेशगंज, जानकीपुरम, बटलर कालोनी, विराज खंड, विनम्र खंड, विभव खंड, एल्डिको उद्यान 2 मोहनलालगंज, विधायक निवास बटलर कालोनी, राणा प्रताप मार्ग, गोमतीनगर, हजरतगंज में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास भी पेड़ गिरे। इससे दो से तीन घंटे तक वाहनों का आवागमन ठप रहा। नगर निगम के अभियंत्रण विभाग ने पेड़ों को हटवाकर रास्ता साफ कराया।

### धान और आम की फसलों को फायदा

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह का मानना है कि तेज बारिश दलहनी फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। धान की पौध के लिए भी पानी कारगर रहेगा। आम और जामुन की फसलों को भी बारिश राहत पहुंचाने वाली है। डॉ. सतेन्द्र का कहना है कि सब्जियों के लिए भी यह बारिश बेहतर रहेगी।

### आठ घंटे बाद आई बिजली

**मोहनलालगंज :** आंधी से सिसेंडी लाइन का पोल और कई जगह तार टूट गए । धनुआसांढ़ लाइन पर कई जगह डालें टूटकर गिर गईं। इससे ढाई बजे गुल हो गई। खंभे लगाने और लाइनें से डाले हटाने में आठ घंटे लग गए। इसके बाद सुबह करीब 11 बजे बिजली आपूर्ति शुरू हो गई। दिनभर हर 20 मिनट में बिजली की आवाजाही बनी रही। जेईआशुतोष ने दावा किया किया दोनों फीडरों से आपूर्ति ढाई घंटे में शुरू कर दी गई। निगोहां सहित लगभग 4 दर्जन गांवों की बिजली गुल हो गई।

## पश्चिमी विक्षोभ के कारण 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आई आंधी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुरुवार तड़के हुई बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दे दी है। बारिश होने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने 24 घंटे बाद तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

राजधानी और आसपास के जिलों में गुरुवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे मौसम तेजी से बदला। तेज आंधी के बाद बारिश हुई। 50- 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, आंधी और बारिश का कारण पश्चिमी विक्षोभ है। ये विक्षोभ अफगानिस्तान होते हुए पाकिस्तान और फिर पंजाब पहुंची। हवा की तीव्रता पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बढ़ी, रात में ही चक्रवाती हवा पूर्वी उप्र होते हुए लखनऊ और आसपास जनपदों में पहुंच गई और बारिश भी हुई।

### कई जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी

प्रदेश के कई जनपदों में बारिश नहीं हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने कुछ इलाकों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, कानपुर नगर, कानपुर देहात, आगरा, इटावा, कन्नौज, औरैया, जालौन, महोबा, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर सहित आसपास इलाकों में आने वाले दिन में लू चल सकती है।

**सूचना**

राजेंद्र कुमार सोनकर उर्फ राजन पहलवान पुत्र स्व कैलाश नाथ व श्रीमती सरिता सोनकर पत्नी राजेंद्र कुमार सोनकर निवासीगण 538घ/225 पलौरा गंज, मदेयगंज, सीतापुर रोड, लखनऊ। सूचित करते है कि हमने अपने पुत्र विनीत सोनकर को उसके गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिए है व अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**Notice**

My flat No S-304 tower S, Koshda Mandaki Vrindavan Mathura, original bainama, wahi No 1 Jild No 8849 page No 345-360 at Serial no 6495 dated 07.06.2018 and Certificate No IN UP04629374827106Q has been misplaced from my house IN lucknow. The Experiment Will Be Illegal If Any Person Finds the above Mentioned Title Deed or If They Have Any objection. Please contact within 15 days on mobile No 7525903399 of Sh. Tushar Kant Mishra R/o. H No 77 A, Laxmanpuri Indira Nagar, Lucknow. Also at branch office Punjab and sind bank Dampier Nagar Mathura uttarpradesh.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने भाई अखिलेश कुमार और अवनीश कुमार से उनके संदिग्ध व गैरजिम्मेदार आचरण की वजह से संबंध विच्छेद करता हूं। **महेश कुमार मिश्र, 181 शिवाजी नगर आईटीआई कॉलोनी थाना मिल एरिया, जिला रायबरेली।**

**सूचना**

मेरा मंझला पुत्र आनन्द गिरि व उसकी पत्नी सुधा देवी का आचरण ठीक नही है। आनन्द शराबी एवं आवारा किस्म का है, और आए दिन मेरे और मेरी पत्नी के साथ से मारपीट करता रहता है। इसलिए उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबन्ध विच्छेद कर लिया है। अब हमारा उससे कोई सरोकार नहीं है। **नत्थू गिरि पुत्र राम गिरि निवासी बिजुआ परगना भूड़, तहसील गोला, जिला-खीरी।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **एस0 के0 भारती पुत्र देव चन्द्र राम, निवासी- सी0आर0पी0एफ0 सेन्टर, गेट नं0- 3, बिजनौर, जिला लखनऊ** मेरे निजी जानकारी में जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई और शाखा पूरे उ0 प्र0 में नहीं है। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एव एस0 के0 ग्रुप की कोई भी शाखा पूरे उ0 प्र0 में मिलती हैं तो उससे हमारा कोई वास्ता नहीं हैं और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने का अधिकार सरकार अपने पास सुरक्षित रखती हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। हमारी एक मात्र मुख्य शाखा जे0 बी0 फाउंडेशन/एस0 के0 ग्रुप तथागत फाउंडेशन, ट्रस्ट सी0 आर0 पी0 एफ0 सेण्टर, बिजनौर (चंद्रावल), लखनऊ में हैं। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप के नाम से कोई भी धोखाधड़ी या गैर कानूनी काम गलत तरीके से करता है या पाया जाता है तो एस0 के0 भारती सचिव/ चेयरमैन और संस्था से कोई मतलब नहीं हैं।

**सूचना**

यह कि मैने अपने दोनो सगे पुत्र बृजेश कुमार व महेंद्र का चाल चलन सही न होने कारण दोनो पुत्रो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी प्रकार से संबध विच्छेद कर लिया। उनसे अब किसी प्रकार का कोई वास्ता नही रहा। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होगे। **-रामप्रसाद पुत्र मिढईलाल, निवासी- हसेरन, थाना- इंदरगढ, जनपद कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संजय पुत्र प्रेम चंद्र, निवासी- बीबीपुर बंथरा, लखनऊ** मेरे पूर्व के आधार कार्ड सं0-6908 9709 7806 व पैन कार्ड सं0- FSRPK8951C में मेरा नाम त्रुटिवश संजय कुमार एवं पिता का नाम प्रेम शंकर अंकित था। मैने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अपना सही नाम संजय व पिता का सही नाम प्रेम चंद्र अंकित करवा लिया है। अतः मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0- यूपी 32 20070011433 में संशोधित किया जाय। यह कि मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र है इसे सभी अभिलेखों में अंकित किया जाना आवश्यक है तथा इसे ही शुद्ध जाना, पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश से बदलकर रंजना सिंह लोधी पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, तहसील शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। **-रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह निवासी- लोधी, ग्राम- गुटकामऊ, पोस्ट बैजूपुर, थाना-पाली, तहसील- शाहाबाद जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

सूचित हो कि इंडियन बैंक शाखा दौलतपुर ग्रांट गोंडा का बचत खाता संख्या 59099006613 का खाता धारक हूं। खाता खुलवाते समय मेरा नाम लल्लू पुत्र राम अजोर से खुल गया था जबकि सही नाम रामलोचन है। रामलोचन व लल्लू दोनों नाम से जाना जाता हूं। अन्य सभी रिकार्ड में रामलोचन ही है। इसीलिए बैंक खाता में मेरा नाम **रामलोचन उर्फ लल्लू पुत्र राम अजोर निवासी-ग्राम बेजपुर, पोस्ट-दौलतपुर ग्रांट, जिला-गोंडा उत्तर प्रदेश** फीड कर आधार कार्ड लिंक कर दिया जाए। किसी तथ्य को छिपाया अथवा गलत जानकारी नहीं दी है।

# 26 रेलवे स्टेशन पर खोले गए 12 फुटओवर ब्रिज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म तक पहुंचना आसान होगा। गोमती नगर सहित 26 स्टेशनों पर दो दर्जन से अधिक नए फुट ओवर ब्रिज यात्रियों के लिए खोल दिये गये हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन्हें तैयार किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के अनुसार गोमती नगर, बिसवां, इंदारा, सादात, ताजपुर डेहमा, ढोंढ़ाडीह, चिलकहर, शहबाजकुली, गौतमस्थान, सोनाई, रुदायन, पिवकोल, रतनपुरा, राया, मानीराम, महेन्द्रनाथ हाल्ट, सरायमीर, गोमतीनगर, पैंतीपुर, सुन्धियामऊ, तहसील फतेहपुर, बिसवां, सरैयां, बाबूपुर हाल्ट, शंकरपुर हाल्ट, मुंडागोपाल आश्रम हाल्ट, महमूदाबाद अवध और पिपराइच स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज यात्रियों के लिए खोल दिए गए। इनसे यात्रियों को खासी राहत मिली है।

गोमती नगर स्टेशन पर पांच और ऐशबाग पर दो लिफ्ट लगाए जाने का काम चल रहा है। गोमती नगर स्टेशन पर छह एस्केलेटर व 12 मीटर चौड़े नये फुट ओवर ब्रिज लगाये जाने की भी तैयारी की जा रही है। तकरीबन 50 से अधिक स्टेशनों को आदर्श स्टेशनों के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के 25 स्टेशनों पर 33 प्लेटफार्मों का विस्तार किया गया है। झूसी स्टेशन पर चार, इंदारा पर दो, ढोंढ़ाडीह पर दो, पिवकोल पर दो, खुरहट पर दो के अलावा ताजपुर डेहमा, कीड़िहरापुर, सादात, आजमगढ़, घोसी, अमिला, मुरादपुर, कोपागंज, सरायमीर, खोरासन रोड, महेंद्रनाथ हाल्ट, चौबेपुर, गुरसहायगंज, काशीपुर, बरेली सिटी, गाजीपुर घाट, रोशनपुर, उझानी, रामनगर, बदायूं और बाजपुर स्टेशनों पर एक-एक प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है।

> यात्री सुविधाओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। 26 स्टेशनों पर तैयार एफओबी यात्रियों के लिए खोले जा चुके हैं। गोमती नगर स्टेशन पर छह एस्केलेटर व 12 नये फुट ओवर ब्रिज लगाये जाने की तैयारी है।
>
> -पंकज कुमार सिंह, सीपीआरओ, पूर्वोत्तर रेलवे

## केजीएमयू ने लावारिस मरीज को ठीक कर घर पहुंचाया



इलाज के बाद मरीज के साथ उसके मददगार। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के न्यूरो सर्जरी विभाग में 31 मई की रात को बेहोशी की हालत में भर्ती होने वाला करीब 70 वर्षीय लावारिस मरीज डॉक्टरों के अथक प्रयास से ठीक हो गया। गुरुवार को विभाग द्वारा पुलिस के सहयोग से बुजुर्ग को उसके घर भेज पहुंचा दिया गया है।

विभागाध्यक्ष डॉ.बीके ओझा ने बताया मरीज को बेहोशी की गंभीर हालत में भर्ती किया गया था, कई चोटों के साथ हेड इंजरी थी, परंतु इमरजेंसी सर्जरी की आवश्यकता नहीं थी। इलाज के साथ मरीज को होश आने लगा और ठीक होने लगा। ज्ञात हुआ कि मानसिक हालत भी ठीक नहीं है, बहुत कोशिशों के बाद मरीज ने अपना नाम सलाउद्दीन बताया और दुबग्गा में एरा मेडिकल कॉलेज के पास घर बताया। ठीक होने के बाद न्यूरो सर्जरी में कार्यरत कर्मचारी नेता अतुल उपाध्याय मरीज को लेकर दुबग्गा में पुलिस थाने गए। वहां के लोगों ने मरीज को पहचान लिया। आसपास के लोगो के संरक्षण में बुजुर्ग को उसके घर पर पहुंचा दिया गया है।

# लंबित मांगों पर लामबंद हुए रोडवेजकर्मी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने गुरुवार को कैसरबाग गांधी भवन सभागार में सभा और सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें रोडवेज परिषद की 233 इकाइयों के 700 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा के बाद संविदा व नियमित 52 हजार कर्मियों की लंबित मांगों पर आरपार की लड़ाई का एलान किया गया। सभा के प्रथम-सत्र में बजट में 400 करोड़ स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

दूसरे सत्र में सेवानिवृत्त कर्मियों और संगठन पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसमें परिषद के महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्र, सेवानिवृत्त केंद्रीय पदाधिकारी, राज्य कर्मचारी, सार्वजनिक निगमों और उपक्रमों के कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, परिवहन निगम के सेवानिवृत्त व कार्यरत अधिकारी, परिवहन निगम के संविदा कर्मी संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी का सम्मान किया गया। इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष वीपी मिश्र, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के सचिव शशि कुमार मिश्र, जवाहर इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के सतीश पांडेय आदि मौजूद रहे।



गांधी भवन के प्रेक्षागृह में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के समारोह में आए सदस्यों का अभिनंदन स्वीकार करते महामंत्री तेजबहादुर शर्मा, अध्यक्ष गिरजा शंकर तिवारी व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

### इन मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

- दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का नियमितीकरण
- रोडवेज में मृतक आश्रितों की नियुक्ति
- प्रदेश से बाहर तैनात कार्मिकों को मकान किराया भत्ता पुनरीक्षण
- वेतन विसंगतियों समाधान व सेवानिवृत्त के बाद सभी कार्मिकों को चिकित्सा सुविधा
- पूर्व में हजारों कर्मियों का बकाया महंगाई भत्ता का भुगतान
- 2001 तक नियुक्त संविदा चालकों-परिचालकों का नियमितीकरण

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### एडेड विद्यालयों में किताबें वितरित करने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** कक्षा एक से पांच तक संचालित सहायता प्राप्त स्कूलों में भी निशुल्क किताबें दिए जाने के निर्देश शिक्षा निदेशालय की ओर से बीएसए को दिए गए हैं। छात्र संख्या के आधार पर किताबों का वितरण कराना होगा। निर्देश में ये भी कहा गया है कि विद्यालय खुलने से पहले ही किताबों का वितरण कर दिया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न होने पाए।

### 15 तक जमा होंगे अनापत्ति प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव ऑन लाइन जमा करने के निर्देश जारी किए हैं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि विवि में अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत कराने के लिए अंतिम तिथि 15 जून तय की गई है। इसको लेकर संबद्ध महाविद्यालयों को सूचित कर दिया गया है। बताया कि इसको लेकर निरीक्षण मंडल भी गठित हो गया है। ताकि विषयवार व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जा सके।

### कोर्स में संशोधन के लिए हिंदी विभाग में बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों में किए जाने वाले संशोधन के बारे में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में शुक्रवार को बैठक होगी। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवंत विरोदय ने बताया कि इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रमों में शामिल विषयों पर चर्चा की जाएगी, ताकि नए सत्र के दौरान अध्ययन में छात्रों को आसानी रहे।

### 13 जुलाई को विधि विवि में होगा दीक्षांत समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 13 जुलाई को होगा। विवि के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने बताया है कि समारोह में नौ बैच के छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 200 छात्रों को मेडल दिए जाएंगे। वहीं दो हजार छात्रों को प्रमाण पत्र भी मिलेगा। मेडल और प्रमाण पत्र पाने वाले छात्र वर्ष 2016 से लेकर 2024 बैच के हैं।

# पोर्टल पर पंजीकरण कराए बिना नहीं मिलेगी छात्रवृत्ति

## एकीकृत हुआ पोर्टल, अक्टूबर तक जुड़ने वाले कॉलेज-विवि ही उठा सकेंगे लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** छात्रवृत्ति योजना में फर्जीवाड़े रोकने के लिए पोर्टल को एकीकृत किया गया है। यूडाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) और आइस (इंफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) को लागू करने की कवायद शुरू हो गई है। अब डिजी लॉकर से जुड़े कॉलेज और विश्वविद्यालय ही छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले सकेंगे।

यूडाइस पर कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं और आइस पर इंटरमीडिएट कर चुके छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करेंगे। पोर्टल पर उसी कॉलेज या विद्यालय के छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे, जिन विद्यालयों के पास आईडी/प्रमाणपत्र में मुद्रित कोड के साथ नवीनतम मान्यता प्रमाण पत्र होगा।

### व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए 4 नोडल अफसर बनाए

समाज कल्याण निदेशक ने बताया कि छात्रवृत्ति में व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए चार नोडल अधिकारी बनाए जा रहे हैं। इसमें कॉलेज-विद्यालय के प्राचार्य, वहां के नोडल अधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय के नोडल और विभाग के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बायोमेट्रिक्स कराई जाएगी। संबंधित कालेजों और विद्यालयों के डाटा का इनकी ओर से डिजिटल सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही छात्रवृत्ति का पैसा छात्रों के खातों में जाएगा।

> आईडी/प्रमाणपत्र में मुद्रित कोड के साथ नवीनतम मान्यता प्रमाण पत्र वाले कालेज ही अब पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही आवेदन कर सकेंगे।
>
> –कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण विभाग

छात्रों के आवेदनों को अग्रसारित करते समय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को आईडी का ब्योरा देना होगा। इस प्रक्रिया के लागू होने के बाद परीक्षा परिणाम ऑटोफेच (स्वाचलित रूप से मिल जाएगा) कर लेगा।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अब कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को इससे जुड़ना है। अक्टूबर तक जो कॉलेज और विश्वविद्यालय जुड़े होंगे, उनके ही पात्र छात्र योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि डिजी लॉकर से न जुड़ने वाले कॉलेज-विद्यालयों के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाएगा।





बीबीएयू में योग करते विवि के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## नेशनल कॉलेज शुरू करेगा पांच नए पाठ्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध नेशनल पीजी कॉलेज पांच नए कोर्स आरंभ करने जा रहा है।

इसमें होटल मैनेजमेंट, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, फीजियोथेरिपी और ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी शामिल है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नए कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। नए सत्र से इन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी।

# कोविड के बाद तेजी से बढ़ीं हृदय संबंधी बीमारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में योग शिविर का आयोजन**

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित योग शिविर के दौरान योग विभाग के प्रशिक्षक ने बताया है कि हृदय संबंधित समस्याएं कोविड - 19 के बाद तेजी से बढ़ी हैं। इसके लिए योग को जीवन में उतारना आवश्यक है।

बीबीएयू में ''हृदय संबंधित समस्याओं के योगोपचार'' विषय पर आयोजित योग शिविर के दौरान योग विभागाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर सिंह छात्रों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हृदय संबंधित समस्याएं कोविड-19 के बाद से तेजी से बढ़ती देखी गई हैं। पिछले कुछ सालों में हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्याओं का स्तर भी बढ़ा है, हृदय रोग किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है। इसके लिए दैनिक दिनचर्या और आहार की गड़बड़ी मुख्य कारण है। योग को जीवन में उतारना होगा। इसकी मदद से हृदय रोग का जोखिम घटेगा। शिविर में शामिल डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि योग के अभ्यास से उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित किया जा सकता है। योग प्रशिक्षक सागर सैनी ने कार्यशाला में संबंधित योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान लाभ व सावधानियों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान छात्रों के अलावा शिक्षक और कर्मचारी भी शामिल रहे।

## केजीबीवी में शिक्षा की गुणवत्ता की समीक्षा आज

**लखनऊ :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति और गुणवत्ता की स्थिति क्या है, इसकी समीक्षा शुक्रवार को शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा करेंगी।

समीक्षा बैठक में बालिकाओं के नियमित शैक्षणिक आकलन, परीक्षा के साथ ब्रिज कोर्स पर भी विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों 22 बिंदुओं पर सूचना मांगी है। इसमें विद्यालयों का उच्चीकृत किए जाने, गुणवत्तापरक संचालन, नामांकन और ठहराव के साथ-साथ बालिकाओं का आधार लिंक करने की जानकारी मांगी गई है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में गलत उत्तर पर कटेंगे नंबर

## 9 जून को प्रदेश के जनपदों में तीन पालियों में होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **परीक्षा के आयोजन को लेकर प्रदेश भर में अलर्ट, प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा**

**अमृत विचार :** 9 जून को आयोजित होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में गलत उत्तर देने परीक्षार्थियों के नंबर कटेंगे। प्रदेश भर में आयोजित होने वाली परीक्षाओं को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

नौ जून को लखनऊ सहित अन्य जनपदों में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आयोजन होंगे। इसको लेकर प्रशासनिक अमला तैयारियां पूरी करने में जुटा हुआ है। बताते हैं कि परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होगी। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। सही उत्तर देने पर दो अंक मिलेंगे। वहीं गलत उत्तर देने पर कुल दो अंक का 1/3 भाग काट लिया जाएगा। परीक्षा को संपन्न कराने के उद्देश्य से लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रों की सूची जारी की है। पांच जनपदों में 27 केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसमें लखनऊ के 15, हरदोई 3, सीतापुर 2, रायबरेली 3 और लखीमपुर खीरी में 4 केंद्र शामिल हैं। लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया है कि विवि के अंतर्गत आने वाले सभी पांच जनपदों में 12 हजार 857 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

### दो पालियों में आयोजित होंगी परीक्षाएं

नौ जून को आयोजित परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इसमें सामान्य ज्ञान और भाषा में अंग्रेजी और हिंदी की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसमें अभिरुचि परीक्षण और विषय योग्यता के अन्तर्गत कला, विज्ञान, वाणिज्य और कृषि की परीक्षाएं आयोजित होंगी।

## 11 छात्रों को 4-4 लाख की स्कॉलरशिप मिली

**लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस के 11 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 44 लाख रुपये की स्कॉलरशिप मिली है। प्रत्येक छात्र को चार लाख रुपये मिलेंगे।

स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में विराज सिंह, हसित राजपूत, जय मिश्रा, सौम्या देशमुख, आकर्ष श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, पलक यादव, श्रेया नाथ गौतम, तन्मय सिंह, अविराज दुग्गल एवं प्रखर सहाय शामिल हैं। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह जानकारी जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है।

# परीक्षा में बढ़ती अनुपस्थिति पर कॉलेजों से मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **5 जिलों में लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों में हो रही परीक्षा में 973 छात्र रहे अनुपस्थित**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में गुरुवार को आयोजित परीक्षा में 973 छात्र अनुपस्थित मिले। परीक्षा में छात्रों की बढ़ती अनुपस्थिति को लेकर परीक्षा नियंत्रक की ओर से संबंधित महाविद्यालयों से जवाब मांगा गया है।

लखनऊ विवि तीन पालियों में परीक्षाओं के आयोजन करा रहा है। गुरुवार को भी अलग- अलग विषयों की परीक्षाएं लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और बाराबंकी में आयोजित हुईं। पहली पाली में 318 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में परीक्षा छोड़ने वालों की संख्या 523 रही। अंतिम पाली में 132 छात्र अनुपस्थित मिले। विवि के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने अनुपस्थित छात्रों को लेकर महाविद्यालयों से सवाल- जवाब किएहैं। उधर, तीनों पालियों में कोई भी छात्र अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला। संबद्ध महाविद्यालयों में सीसीटीवी के सहारे परीक्षा के दौरान निगरानी भी रखी गई।

# एनसीसी कैडेट्स को मिलेगा अपडेट प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ **शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को किया जाएगा जागरूक**

**अमृत विचार।** एनसीसी कैडेट्स को शिक्षण संस्थानों में अब अपडेट प्रशिक्षण मिलेगा। साथ ही इस बात पर विशेष ध्यान दिया जायेगा कि हर शिक्षण संस्थान में अधिक से अधिक छात्र इस विषय से जुड़े। इस बारे में एनसीसी निदेशालय की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं जागरूक करने की भी सलाह दी गई है।

बता दें कि एनसीसी कैडेट्स की संख्या बढ़े इसको लेकर भी कई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। अभी पिछले माह भी यूपी एअर स्कवाड्रन एनसीसी की ओर से आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने भी इस बात पर जोर दिया कि एनसीसी प्रशिक्षण के लिए अधिक से अधिक छात्रों को आगे आना चाहिए। पुनेठा ने प्रशिक्षण के संबंध में हर प्रकार से जानकारी भी ली थी।

### कैडेट्स संख्या 17 से 30 लाख करने की योजना

इस बारे में कहा जा रहा है कि रक्षा मंत्रालय अगले 10 वर्षों में एनसीसी कैडेट्स की संख्या को 17 लाख से बढ़ाकर 30 लाख तक पहुंचाने की योजना तैयार कर रहा है। ये निर्णय सीमावर्ती क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लिया गया है। इसमें अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों तक तीनों सेनाओं के संगठन की पहुंच बढ़ाने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### यह दिए जाते हैं प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कैडेट कोर अनुशासित और देशभक्त नागरिकों में देश के युवाओं को संवारने में लगे हुए सेना, नौसेना और वायु सेना, जिसमें एक त्रिकोणीय सेवा संगठन है। राष्ट्रीय कैडेट कोर उच्च विद्यालयों, महाविद्यालयों और पूरे भारत में विश्वविद्यालयों से कैडेटों रंगरूटों जो एक स्वैच्छिक संगठन है। कैडेटों छोटे हथियारों और परेड में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। एनसीसी युवाओं को सामाजिक सेवाओं, अनुशासन और साहसिक गतिविधियों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा कैडेटों को छोटे हथियारों में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# खिलाड़ियों के लिए कंप्यूटर व अंग्रेजी की कक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **साई लखनऊ ने इसके लिए लखनऊ के शिवानी पब्लिक स्कूल से किया समझौता**

▶▶ **इस कार्यक्रम की सभी खिलाड़ी कर रहे सराहना**

**अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ (साई लखनऊ) ने अपने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के प्रशिक्षु खिलाड़ियों की पढ़ाई व उन्हें कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष बनाने के लिए प्रारंभिक कक्षाएं गुरुवार से शुरू की। इसके लिए साई लखनऊ ने लखनऊ के शिवानी पब्लिक स्कूल से एमओयू किया।

प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक आत्म प्रकाश ने बताया कि एनसीओई के खिलाड़ियों को समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होता है। इसके लिए अंग्रेजी विषय एवं कंप्यूटर का समुचित ज्ञान होना जरूरी है। इससे खिलाड़ी अपने खेल के साथ सामाजिक एवं देश दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्वयं के समग्र विकास में सहायक हो सकता है। इस कार्यक्रम की सभी खिलाड़ी सराहना कर रहे है और इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

# चित्रों के जरिये बच्चों ने किया जागरूक

## आदिज्योति सेवा समिति ने कला प्रतियोगिता और जागरुकता रैली का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भी किया गया जागरूक**

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आदिज्योति सेवा समिति ने कला प्रतियोगिता और जागरुकता रैली का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर हुई रैली के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भी जागरूक किया गया।

राजधानी के विभिन्न इलाकों में आदिज्योति सेवा समिति के इस आयोजन में बच्चों ने लोगों को बताया कि पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखना है और कैसे पर्यावरण के प्रति खुद को समर्पित कर देना है। मुस्कान, माही, पलक, अंजलि और नंदिनी आदि ने बताया कि वह संस्था से मिली सीख को अपने जीवन में उतार रहे हैं।



पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने किया बड़ों को जागरूक। अमृत विचार

बच्चों ने बताया कि अगर उन्हें अपने आसपास कहीं कूड़ेदान नहीं मिलता है तो वो नमकीन और खाद्य सामग्री की बची हुईं पन्नियां अपने बैग में रख लेते हैं। उसे सड़क पर नहीं फेंकते हैं। बच्चों ने बड़ों से अपील की कि वह भी बच्चों की बात को समझें और पर्यावरण को सुरक्षित करें। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष ज्योति, सचिव जीशान हुसैन, संरक्षक हरीश, सदस्य कल्पना और आयुषी मौजूद रहे।

# प्रोस्थेटिक्स - ऑर्थोटिक्स दे रहा अध्ययन के साथ रोजगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुनर्वास विश्वविद्यालय प्रोस्थेटिक्स-ऑर्थोटिक्स की पढ़ाई पूरी करने वाले विशेषज्ञों को क्लीनिक खोलने के लिए लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। डिग्री पाने वालों को मिलने वाली सुविधाएं नौकरी पाने में लाभकारी साबित हुई हैं। ऐसे में विवि में आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने बताया कि प्रोस्थेटिक्स एण्ड ऑर्थोटिक्स कोर्स साढ़े चार वर्ष का है। प्रोस्थेटिक्स पाठ्यक्रम के तहत दिव्यांगों के शरीर में मशीन और टूल्स के इस्तेमाल को सिखाया जाता है। वहीं



कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह।

ऑर्थोटिक्स में शारीरिक हिस्सों के विकार और पुनर्वास का अध्ययन कराया जाता है।

कहा कि उत्तर भारत के विवि में इस कोर्स की अकेली सुविधा उपलब्ध होने के कारण नए सत्र में आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। कोर्स को पूरा करने के बाद विशेषज्ञों को विश्वविद्यालय डिग्री के साथ लाइसेंस की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। क्लीनिक खोलने के साथ लाइसेंस रोजगार पाने में भी मददगार साबित हुआ है।

### राहत भरी खबर

▶▶ **विवि विशेषज्ञों को दे रहा क्लीनिक खोलने के लिए लाइसेंस की सुविधा, नौकरी में भी उपयोगी**

▶▶ **डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कोर्स को लेकर बढ़ी आवेदनों की संख्या**

### 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि विज्ञान वर्ग से पचास प्रतिशत 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसको लेकर आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। अधिक जानकारी विवि के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 13 छात्रों का कैंपस में चयन

गुरुवार को विश्वविद्यालय के 13 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। विवि के डायरेक्टर प्लेसमेंट विराग दीक्षित ने बताया कि अमित पासवान, आयुष कुमार मिश्रा, खुशहाल चौहान, अंकित चौधरी, आदित्य शुक्ला, जीतेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, लक्ष्य त्रिपाठी, अक्षत जायसवाल, ऋषभ पोरवाल, दिव्य राठौर, सृष्टि शुक्ला और सोनालिका यादव का चयन हुआ है। इनको कंपनियों ने अहमदाबाद, गुड़गांव, नई दिल्ली में नियुक्ति देकर 2.40 लाख से लेकर 5.50 लाख के वार्षिक पैकेज के अवसर दिये हैं।

### इन संस्थानों में नौकरियों के अवसर

विभाग समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि विवि भारतीय पुनर्वास परिषद के सहारे डिग्री धारकों को लाइसेंस निर्गत करा रहा है। इसकी मदद से विशेषज्ञों को खुद की क्लीनिक खोलने की सुविधा के साथ हॉस्पिटल, रिसर्च एण्ड एकेडमिक इंस्टीट्यूट सहित अन्य संस्थानों में आसानी से नौकरी भी मिल रही है।

पहल | पुनर्वास विवि के नए प्रोजेक्ट से पता चलेगी कोचिंग संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता

# छात्रों को गुमराह नहीं कर पाएंगे कोचिंग संस्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब कोचिंग संस्थान शैक्षिक गुणवत्ता से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के बार में छात्रों और अभिभावकों को गुमराह नहीं कर सकेंगे। कई बार कोचिंग संस्थानों के दावे की सत्यता और गुणवत्ता तय करने का कोई प्रामाणिक मानक न होने की वजह से कई विद्यार्थी अपना अमूल्य समय और रुपया फंसा के अफसोस करते है।

इस तरह की परेशानियों से बचाने के लिए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन



इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रो. विनय कुमार सिंह और इलाहाबाद विश्वविद्यालय असिस्टेंट प्रो. शिव प्रकाश ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक प्रोजेक्ट पर पेटेंट हासिल किया गया है।

**ऑनलाइन शिक्षा में दिव्यांग छात्रों की समस्या पर होगा शोध :** पुनर्वास विश्वविद्यालय में समावेशी शिक्षा प्रदान की जाती हैं। यहां दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं अगले चरण के शोध में यह निश्चित किया जायेगा की ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करते हुए सभी प्रकार के दिव्यांग विद्यार्थियों को क्या दिक्कते आती हैं उन्हें किस तरह इस तकनीक का उपयोग कर के लाभ दिया जा सकता हैं, आगे के शोध में डॉ. पवन कुमार मैथमैटिकल मॉडलिंग कर इस शोध को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं।

### ▶▶ इस तरह तय की जाएगी कोचिंग की रेटिंग

कोचिंग में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक उपकरण पहनना होगा। इसकी सहायता से उनके दिमाग से निकलने वाले ईईजी संकेतों को ट्रैक किया जाएगा। इससे यह पता लगेगा कि पढ़ाई के दौरान विद्यार्थी का कितना ध्यान पढ़ाई पर है। इसके बाद ऑनलाइन कोचिंग का फीडबैक केंद्रीयकृत सिस्टम को भेजा जायेगा, जहां प्राप्त होने वाले डाटा का विश्लेषण कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से ऑनलाइन कोचिंग की रेटिंग तय की जाएगी।

### ▶▶ नए प्रोजेक्ट से कोचिंग संस्थानों को भी होगा फायदा

इस तकनीक का इस्तेमाल कर कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों की मानसिक आवश्यकताओं और भागीदारी के स्तर को समझ कर अपनी गुणवत्ता भी बढ़ा सकते है। छात्र व अभिभावक आसानी से अपना फीड बैक भी दे सकेंगे।

## एक नजर

### जालसाज ने युवक के खाते से उड़ाए 70 हजार रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोन ऐप कंपनी का कर्मचारी बनकर जालसाज ने युवक के खाते से 70 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने गुडंबा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। गुडंबा निवासी उत्तम कुमार शुक्ला के मुताबिक बीती 23 मई को उन्होंने मोबाइल लोन ऐप कंपनी से कर्ज लिया था। अगले दिन उनके पास एक कॉल आई थी। फोनकर्ता ने खुद को लोन ऐप कंपनी का कर्मचारी बताया और दस्तावेज सत्यापन के नाम पर बैंक खाते से जुड़ी सारी जानकारी ले ली। कुछ देर बाद पीड़ित के खाते से 70 हजार रुपये निकल गए। इंस्पेक्टर गुडंबा नीतीश कुमार के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजारखाला में बुधवार रात बच्चों के आपसी विवाद के बाद पड़ोसियों ने महिला की पिटाई कर दी। पिटाई में घायल महिला ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हबीब नगर निवासी राबिया का आरोप है कि उनके बच्चे का पड़ोसी महिला के बच्चे के साथ खेलते समय झगड़ा हो गया था। विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के असगर, अय्यूब, इरफान सहित दो महिलाओं ने उनकी डंडे व लोहे की रॉड से पिटाई कर दी। हमले में राबिया के सिर फट गया। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष कुमार आर्य के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज कर असगर और इरफान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### देवर ने अन्य साथ मिलकर की मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : थाना मदेयगंज अन्तर्गत खदरा में मामूली विवाद में देवर ने अपनी भाभी के साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार उसका देवर रोज शराब पीकर गाली-गलौज और मारपीट करता है। वह अपनी भाभी को घर से भी निकालना चाहता है। जिसकी लिखित शिकायत 9 मई को मदेयगंज थाने में पीड़िता ने दी थी। जिसके बाद दोनों के बीच समझौता हो गया था। लेकिन 29 मई को फिर से देवर अपनी पत्नी के साथ मिलकर लड़ाई करने लगा। देवर की पत्नी ने अपने मायके वालों को बुला लिया जिसमें उसके भाई और 4-5 अज्ञात लोगों ने आकर लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक उसके बाल खींचकर उसे घर से निकाला गया और गंदी गालियां भी दी गई। उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह ने कहा है कि रिपोर्ट दर्ज कर, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आरएलओ कार्यालय में लगी आग, दस्तावेज जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार घंटे की मशक्कत के बाद 11 दमकल की गाड़ियों से पाया आग पर काबू
- लालबाग के डाक विभाग के रिटर्न लेटर ऑफिस (आरएलओ) की घटना

**अमृत विचार :** लालबाग के भोपाल हाउस स्थित डाक विभाग के आरएलओ में आफिस में गुरुवार सुबह आग लग गई। लपटें व धुआं निकलता देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने 11 टैंकर पानी से चार घंटे की की मशक्कत से आग पर काबू पाया। घटना में आरएलओ आफिस में रखे दस्तावेज जलकर राख हो गए। इसके अलावा फर्नीचर भी जल कर खाक हो गया। मामले की विभागीय जांच की जा रही है।

एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत के मुताबिक, सुबह करीब 4 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आनन-फानन दमकल की तीन गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग पहली मंजिल पर लगी हुई थी। धुआं और लपटें के बीच अंदर जाना मुश्किल था। इसके चलते खिड़कियों के शीशे तोड़ने के साथ ही एक तरफ से स्मोक एग्जास्टर लगाकर धुआं निकालना शुरू किया। इसके अलावा एक टीम बिल्डिंग के पीछे से सीढ़ी लगाकर मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर आग पर काबू पाने का प्रयास भी शुरू किया गया। एक अन्य टीम सामने से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगी। इसके बावजूद आग बढ़ती देख चौक, इंदिरानगर, आलमबाग समेत अन्य स्टेशन से गाड़ियों को बुलाया गया। एफएसओ ने बताया कि दोनों डिलीवरी लाइन से आग बुझाई जा रही थी। इसके साथ ही दूसरी गाड़ियों से रिले पंपिंग कर पानी की बौछार की निरंतरता बनाए रखी। इसके चलते मशक्कत से करीब चार घंटे में 11 दमकल की गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। उन्होंने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है। फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



आरएलओ ऑफिस में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**उत्तर भारत डाटा होता है एकत्रित :** आग की घटना के बाद डाक विभाग के मैनेजर वासुदेव नारायण ने बताया कि जो लेटर या पार्सल रिसीव नहीं होते हैं। उनको इसी जगह पर इकत्रित किया जाता है। यहां पर उत्तर भारत का डाटा एकत्रित किया जाता है। ऐसे में कितने बैलेट जले हैं? कितने पत्र जले हैं? इसकी जांच डाक विभाग की तरफ से की जाएगी।

**बड़ा हादसा टला, आसपास कोई नहीं था मौजूद :** स्थानीय लोगों ने बताया कि दिन में यहां पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रहती है। ऐसे में सुबह के वक्त आग लगने की वजह से बड़ी घटना टल गई है। कहा यदि दिन में आग लगती तो बड़ी घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### बीएसएनएल एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग की एसी में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहनजफ रोड स्थित बीएसएनएल एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर गुरुवार सुबह करीब 9 बजे शार्ट सर्किट से एसी में आग लग गई थी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने फायर उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। एफएसओ राम कुमार रावत ने बताया कि रूम नंबर 712 में आग लगी थी। दो फायर टेंडर व हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के साथ पहुंचे थे, लेकिन आग पर उपकरणों की मदद काबू पा लिया गया।

## मजदूर को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में लखनऊ-सीतापुर हाईवे पार करते समय बुधवार रात मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत किशुनपुर गांव निवासी मंशा राम छठामील के पास प्राइवेट अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को खाना देकर घर लौट रहा था। रास्ते में सरैयां के पास सीतापुर-लखनऊ हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल होने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

# पार्क में बना रहे थे देसी बम, विस्फोट में युवक घायल

## इंदिरा नगर की घटना, फॉरेंसिक जांच टीम और बम निरोधक दस्ते ने जुटाए साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर के वैशाली एन्क्लेव स्थित पार्क में गुरुवार को देसी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। बम बना रहा एक युवक में घायल हो गया। उसका दूसरा साथी वहां से भाग निकला। तेज धमाके से कॉलोनी के लोग घरों से बाहर आ गए। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। बम निरोधक दस्ते ने भी घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की। पुलिस फरार युवक की तलाश कर रही है।

डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर के मुताबिक, तकरोही निवासी दिव्यांश और आयान पार्क में बेंच पर बैठकर बम बना रहे थे। इसी दौरान दिव्यांश का पैर जमीन पर रखे एक बम पर पड़ा और धमाका हो गया। विस्फोट के साथ दिव्यांश उछलकर दूर जा गिरा। आयान उसकी मदद के लिए बढ़ा, तभी विस्फोट की आवाज से कालोनी के लोग बाहर आ गए। पकड़े जाने के डर से आयान भाग गया। डीसीपी ने बताया कि घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया था। दोनों टीमों ने अपने-अपने स्तर पर साक्ष्य इकत्रित किए हैं। बताया दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इलाज होने के बाद दिव्यांश से पूछताछ की जाएगी। उसके साथी की तलाश में दबिश दी जा रही है।



घटना स्थल पर जांच करते फॉरेंसिक जांच टीम के सदस्य। अमृत विचार



बम बनाने का आरोपी दिव्यांश। अमृत विचार



घटना के बाद मौके से भागता आरोपी आयान। अमृत विचार

### दहशत से घरों में दुबके लोग

पार्क के आसपास रहने वाले कॉलोनी के लोगों ने बताया कि विस्फोट की आवाज से सभी लोग डर गए। काफी देर बाहर नहीं निकले। जब बाहर निकले थे पार्क में बम बनाने की बात पता चली। कॉलोनी के लोगों का कहना था कि इसी पार्क में बच्चे खेलते हैं। यदि घटना के समय कोई बच्चा खेल रहा होता तो विस्फोट की चपेट में आ जाता। इससे बड़ी घटना हो सकती थी।

### रील बना इंस्ट्राग्राम पर शेयर करना चाहते थे

मामले को लेकर डीसीपी उत्तरी आर अभिजीत शंकर ने बताया दिव्यांश और आयान ठेला लगाते हैं। आयान ने बताया कि छोटे पटाखे से बारूद निकाल कर बड़ा पटाखा बना रहा था। उसका कहना था कि कुछ दिन बाद एक दोस्त का जन्मदिन था। जिसमें पटाखे फोड़ कर वीडियो रील बनाकर इंस्ट्राग्राम पर अपलोड कर फेमस होना चाहते थे। दोनों को हिरासत में लेकर विस्फोटक अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पुत्र के सामने मां की चेन लूटकर भागा स्कूटी सवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना क्षेत्र में घर की बालकनी में खड़े बेटे के सामने ही हेलमेट पहनकर पहुंचा स्कूटी सवार बदमाश मां की चेन लूट ली। बेटा शोर मचाते हुए जब तक नीचे पहुंचा तब तक बदमाश पहुंच से दूर निकल गया। फिलहाल पुलिस ने बदमाश की जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी विपिन कुमार शर्मा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी मां मीना शर्मा बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे घर के बाहर गेट पर सफाई कर रहीं थी। इसी दौरान हेलमेट पहने पहुंचा युवक ने मां से प्रमोद यादव के घर का पता पूछा। उन्होंने प्रमोद नाम के किसी व्यक्ति का आसपास घर नहीं होने की बात कही। तो युवक मां को अपना मोबाइल फोन देकर बोला बात कर लो, लेकिन उधर से कोई आवाज नहीं आई। युवक को मोबाइल लौटाकर मां घर में घुसने के लिये गेट की तरफ मुड़ीं, इसी दौरान आरोपी ने पीछे से चेन लूट ली। विपिन के मुताबिक वह घर की बालकनी में खड़े थे, घटना देख आरोपी को पकड़ने के लिये शोर मचाया। जब तक वह नीचे उतरे और पड़ोसी पहुंचे बदमाश स्कूटी से पकरी पुल की ओर भाग निकला। विपिन के मुताबिक चेन डेढ़ तोले की थी। बदमाश के झपट्टा मारने से मां की गर्दन में जख्म हो गये। इंस्पेक्टर ने बताया लूट का मामला दर्ज किया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाश की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### नौकरानी व चोरों ने लाखों के जेवर और रुपये किए पार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर के एल्डिको ग्रीन में रहने वाले मयंक के मुताबिक कुछ दिन पहले उन्हें उनकी मां ने अलमारी से रुपये गायब होने के बात कही। संदेह होने पर जब नौकरानी से पूछताछ की गई तो उसने चोरी की बात से इनकार कर दिया। उनकी पत्नी ने जब नौकरानी को वेतन देने के लिए अलमारी खोली तो उसमें रखे रुपये भी गायब थे। ऐसे में जब आरोपी के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें 34 हजार रुपये मिले। बाद में उसने चोरी की बात स्वीकार ली। मयंक ने नौकरानी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक आरोपी को हिरासत में लिया गया है

## ज्वेलर्स की दुकान से चोरी, 10.50 किलो चांदी के गहने व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- असम निवासी दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश कर रही पुलिस
- विभूतिखंड क्षेत्र में हुई थी चोरी, डीसीपी पूर्वी ने किया खुलासा

**अमृत विचार:** विभूतिखंड पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने वाले असम निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। आरोपियों के कब्जे से 10.50 किलोग्राम चांदी के गहने और नकदी बरामद की गई। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप ने गुरुवार को चोरी की वारदात का खुलासा किया।

डीसीपी के मुताबिक, क्षेत्र निवासी नीतू ज्वेलर्स के मालिक अजय कुमार तिवारी ने 20 मई को प्रार्थना-पत्र देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने दुकान का चैनल व शटर तोड़कर चांदी के गहने व डेढ़ लाख नगदी चोरी होने की बात कही थी। डीसीपी ने बताया चोरी का खुलासा करने के लिये घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की गई। इसके आधार पर टीम असम रवाना की गई। वहां झुग्गियों और बस्तियों में आरोपियों की पहचान कराई गई। पता चला कि दोनों कई दिनों से लापता हैं। पुलिस ने उन्हीं लोगों से काल करवाकर पूछवाया। तो पता चला कि गांव में हैं। टीम ने तीन जून को रात में आरोपियों के गांव पहुंचकर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मानिकपुर, बोगाईगांव असम निवासी जमाल उर्फ लालू और चांद बादशाह शेख के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया घर के बगल में खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर में ज्वेलरी व नगदी छुपाई है। निशानदेही पर पुलिस ने 10.50 किलोग्राम चांदी की कीमत (9 लाख) और 14 हजार नकद बरामद किये। आरोपियों ने चोरी की वारदात में दो अन्य साथी रफीक और मेहरुद्दीन के शामिल होने की बात कुबूल की। बताया दोनों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। आरोपियों ने बताया वह मूलतः असम के रहने वाले हैं। डीसीपी ने बताया दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## मारपीट में आठ के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई मारपीट को लेकर आठ छात्रों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है। मामला 29 मई को लविवि के नवीन परिसर में हुए झगड़े से जुड़ा हुआ है। कुल प्रकरण को लेकर एडिशनल प्रॉक्टर की ओर से छात्रों को नोटिस भी जारी की गई है।

बता दें कि लविवि के नवीन परिसर में 29 मई को किसी बात को लेकर दो छात्र गुट भिड़ गए। मामूली विवाद गहराने पर मारपीट हुई है। आरोप तोड़फोड़ का भी लगा। इसी दौरान किसी छात्र ने विवाद का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। तूल पकड़ते मामले में न्यू कैंपस के एडिशनल प्रॉक्टर मोहम्मद अहमद ने छात्रों को नोटिस जारी की गई। ताकि वे सभी अपना स्पष्टीकरण दे सके। उधर, पुलिस केस में सत्यम शुक्ला, अभिषेक पांडे, आशुतोष, सिद्धार्थ, अभय सिंह, पवन यादव आदि को नामजद किया गया है।

**शिक्षक की पिटाई करने वाले को जेल :** शिया डिग्री कॉलेज के एडिशनल प्रॉक्टर डॉ. अजय वीर सिंह के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपी प्रखर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुत्र की गला दबाने और मां की हैंगिंग से मौत की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साले ने बहनोई पर बहन और भांजे की हत्या करने का लगाया आरोप
- बंथरा क्षेत्र के लाऊखेड़ा निवासी मां बेटे के भौकापुर में मिले थे शव

**अमृत विचार :** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 11 वर्षीय बेटे निर्पेश की गला दबाने से और 32 वर्षीया मां अनीता की हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। जबकि साले ने बहनाई पर भांजे और बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को उसका बहनाई पोस्टमार्टम हाउस भी नहीं आया। फिलहाल बंथरा इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है कि आरोप के संबंध में उन्हें कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

बंथरा थाना अंतर्गत लाऊ खेड़ा निवासी निर्पेश और उसकी मां अनीता के शव संदिग्ध हालात में बुधवार दोपहर करीब एक बजे पड़ोस के गांव भौकापुर में गिरजा शंकर शुक्ला के आम के बाग में मिले थे। घटना स्थल पर निर्पेश का शव जमीन पर पड़ा था और ठीक उसके ऊपर पेड़ पर दुपट्टे से अनीता का शव लटका मिला था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव मोर्च्युरी में रखवाये थे। गुरुवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम हाउस के सूत्रों के मुताबिक पीएम रिपोर्ट में निर्पेश की गला दबाये जाने से मौत हुई है। जबकि अनीता की हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। उधर, बुद्धेश्वर निवासी नेकपाल यादव ने बताया बहन अनीता की शादी 15 वर्ष पहले लाऊखेड़ा निवासी मनोज यादव के साथ की थी। आरोप है कि गोपाल आये दिन बहन व भांजे के साथ मारपीट करता था। करीब तीन वर्ष पहले मारपीट से प्रताड़ित होकर बहन ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की थी। तब कई दिन अस्पताल में भर्ती रही थी। नेकपाल ने बहनाई गोपाल पर बहन व भांजे की हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। प्रारंभिक जांच में गोपाल यादव द्वारा हत्या किया जाना प्रतीत नहीं हुआ है। बताया अभी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



निर्पेश



अनीता

### यह थी घटना

भौकापुर गांव में आम के बाग में बुधवार को निर्पेश व अनीता के शव मिले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोपाल यादव से पूछताछ की थी। उसका कहना था कि वह प्लाईवुड फैक्ट्री में रात में मजदूरी करता है। बुधवार सुबह करीब 7 बजे वह फैक्ट्री से घर लौटा था। लगभग 11 बजे वह सोने जा रहा था। इसी दौरान निर्पेश अपनी मां अनीता से तालाब में नहाने जाने की बात कह रहा था। उसने मना किया था। इसके बाद वह सो गया था। एक बजे उसे घटना की जानकारी हुई थी। मनोज ने गुस्से में पत्नी द्वारा बेटे को डराने के लिये दुपट्टे से गला दबाने के दौरान मौत होने। इसके बाद बेटे की मौत के सदमे में खुद फंदा लगा कर जान देने की आशंका जताई थी।

## सार-संक्षेप

### झाड़ियों में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र में गुरुवार को झाड़ियों में अज्ञात अधेड़ का शव मिला। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, शाम करीब 5 बजे बिगहूं गांव के कामिल खान की बाग के पास करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने की ग्रामीणों ने सूचना दी थी। मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लिया गया। जो कि कई दिन पुराना होने से सड़कर गलने लगा था। आसपास के ग्रामीणों से अधेड़ की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं शिनाख्त नहीं हो सकी। शरीर पर मटमैले रंग की शर्ट, नीले रंग की पैंट, पावर का चश्मा, काले रंग के जूते हैं। बताया इस उम्र के लापता होने के संबंध में थाने में कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं है।आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है।

### जंगल में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**अमृत विचार, निगोहां :** नगराम थाना क्षेत्र में गुरुवार को जंगल में अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला। पुलिस के मुताबिक, देर शाम नेवाज खेड़ा के जंगल की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने अज्ञात शव पड़ा देख थाने पर सूचना दी थी। मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया गया। उम्र तकरीबन 65 वर्ष के आसपास होगी। आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया हीट स्ट्रोक से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। शव मोर्च्युरी में रखवाया है। पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा में एक सप्ताह पहले घर से निकले युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला। पुलिस को शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बनी के रहने वाले संतोष वाल्मीकि (32) गांव से करीब चार किलोमीटर दूर गुलरिया खेड़ा में मकान बनाकर परिवार के साथ रहता था। बीते 31 मई को घर से कुछ काम के लिए निकला था। देर शाम तक नहीं लौटने पर परिजन ने जब सम्पर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल बंद मिला। काफी खोजबीन करने के बाद भी संतोष का कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद बीती 2 जून को परिजन ने पुलिस को सूचना दी। गुरुवार दोपहर ग्रामीणों ने हिंदू खेड़ा गांव के पास एक पेड़ से संतोष का सड़ा गला शव लटकता देखा। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर बंथरा के मुताबिक शुरुआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

### पति की संदिग्ध हालात में मौत, ताड़ी कारोबारी पर आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** करीब 25 दिन पूर्व ताड़ी लगाने वाले मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पत्नी ने ताड़ी कारोबारी पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाते हुये मलिहाबाद थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। बिहार के गया जनपद के ग्राम चन्दौती निवासी मीना देवी का आरोप है कि पति उमेश गढ़ी संजर खां निवासी ताड़ी कारोबारी रामजी के पास मजदूरी करता था। 13 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में पति की मौत हो गयी थी। ताड़ी कारोबारी ने पोस्टमार्टम कराकर शव गांव भिजवा दिया था। आरोप है कि बिना सुरक्षा उपकरण के पति को ताड़ के ऊंचे-ऊंचे पेड़ों पर चढ़ाया गया। इस दौरान पेड़ से गिरकर पति की मौत हो गयी थी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पति के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना सी ब्लॉक निवासी महिला ने बीते बुधवार को पति, सास और भाभी के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर गलियां देने और मारने-पीटने को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक, राजाजीपुरम पुराना सी ब्लॉक निवासी महिला की शादी 3 सितंबर 2021 को हुई थी, जिसमें पिता ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। कुछ समय बाद पति अभिषेक निगम पत्नी को प्रताड़ित करने लगा। जिसके बाद पत्नी अपने मायके चली आई। कुछ समय के बाद कोर्ट के आदेश पर दोबारा ससुराल गई। तब ससुराल में सास, भाभी ने उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद दुबे ने जांच करके आगे की कार्रवाई करने की बात कही।

### हमलावरों ने कार में तोड़फोड़ की

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन से घर से खाना खाने निकले व्यक्ति की कार पर ईंट और डंडे से हमला किया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवनगर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार को रात में वह घर से खाना खाने निकला। जैसे ही शिवपुरी मोड़ पर वह पहुंचा तो पहले से ही घात लगाकर बैठे ज्वाला यादव, मानसिंह यादव व एक अन्य ने उसका पीछा किया और दयाल फार्म मोड़ के पास पहुंचकर चार पहिया वाहन को ओवरटेक करके गाड़ी का शीशा और बम्फर तोड़ दिया। असलहा लहराते हुए गाली गलौज करते हुए भाग निकले।

# बुजुर्गों से टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जानकीपुरम पुलिस ने पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार, तीन की तलाश
- डीसीपी उत्तरी ने किया घटना का खुलासा, 33 हजार रुपये व बाइक बरामद

**अमृत विचार :** राजधानी में घूम-घूम कर बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों से टप्पेबाजी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गुरुवार को जानकीपुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान पिता-पुत्र के रूप में हुई। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने घटनाओं का खुलासा किया। बताया कि गैंग के तीन फरार सदस्यों को गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं।

डीसीपी के मुताबिक जानकीपुरम थाने में 27 मई को बुजुर्ग महिला ने टप्पेबाजी का मामला दर्ज कराया था। इसके अलावा जोन के अन्य थानों में भी इसी प्रकार के कई मामले दर्ज हुए थे। इन्हें संज्ञान में लेते हुये टप्पेबाजों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमें लगाईं। टीमों ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की। इसके आधार पर गुरुवार को दुबग्गा में कूड़ा चौराहा के पास पल्सर से दो संदिग्ध आते दिखे। पुलिस कर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो गाड़ी घुमा कर भागने का प्रयास किया। जल्दबाजी में कीचड़ में फिसल कर बाइक समेत गिर गये। टीम ने दोनों को पकड़ लिया।



पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाजी करने के आरोपी। अमृत विचार

पूछताछ में आरोपियों की पहचान रायबरेली के बछरावां निवासी मो. कैश और मखदूम अली के रूप में हुई। आरोपी वर्तमान में दुबग्गा के इज्जत नगर में किराये के मकान पर रहते थे। यहीं से अलग-अलग क्षेत्र में बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को झांसे में लेकर टप्पेबाजी करते थे। डीसीपी ने बताया आरोपियों ने जुर्म कुबूल किया है। कब्जे से बाइक और 33,500 रुपये बरामद किये गये हैं। बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**फर्जी आधार कार्ड पर लिया किराए का मकान :** पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 27 आधार कार्ड, 12 निर्वाचन कार्ड, तीन ड्राइविंग लाइसेंस, एक पैन कार्ड, एक बाइक बरामद की है। 27 आधार कार्ड के बारे में बताया एक आधार कार्ड बनवाकर उसमें फोटो वही लगी रहने देते हैं। उसका नंबर बदल देते हैं। यह लोग दूसरे शहरों में भी वारदात अंजाम देने जाते हैं।

### अलग-अलग क्षेत्र में घूमते हैं गिरोह के सदस्य

डीसीपी के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया गैंग में चार-पांच सदस्य हैं। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में टप्पेबाजी करते हैं। गैंग में तीन बाइक हैं, जिनमें फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर और नंबर प्लेट बदलकर वारदात अंजाम देते हैं। बताया तीनों बाइकों से रोज अलग-अलग इलाकों में घूम कर टप्पेबाजी करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिता-पुत्र के रूप में हुई है।

## जमीन पर कब्जा रोकने पहुंचे परिवार पर किया हमला

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत मऊ रामगढ़ा में बुधवार को जमीन पर कब्जा रोकने पहुंचे एक परिवार पर दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सात नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गांव निवासी आकाश कुमार के मुताबिक दो साल पहले उन्होंने जमीन खरीदी थी। बुधवार शाम 6 बजे उनकी जमीन पर गांव के रविंद्र, राजा, बाबू, राजेंद्र, अजीत, हिमांशु, आनंद व अन्य अज्ञात लोग कब्जा कर रहे थे। विरोध पर आरोपियों ने आकाश पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

## एक नजर

### रोडवेज हर शाखा के दो कर्मियों को करेगा सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : स्थापना दिवस पर रोडवेज हर शाखा में बेहतर काम करने वाले दो-दो कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। परिवहन निगम के प्रबंधक एमआईएस अमरनाथ सहाय की ओर से जारी चिट्ठी में सभी अनुभागों से विशेष योगदान देने वाले कर्मियों की सूची मांगी गई है। इनमें वित्त शाखा, विधि शाखा, प्रशासनिक शाखा, प्राविधिक शाखा, भवन शाखा, प्रवर्तन शाखा और मुख्यालय के संचालन शाखा के अन्य पटलों पर कार्यरत दो-दो कर्मियों की सूची मांगी गई है। परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही स्थापना दिवस की तारीख की घोषणा की जाएगी।

### एक सप्ताह बाद दर्ज किया चोरी का मुकदमा

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में श्रीप्रकाश के घर 29 मई को चोरो ने धावा बोलकर दीवार में लगा रोशनदान काटकर कमरे के अंदर बक्से व अलमारी में रखी नकदी व जेवरात चोरी कर भाग निकले थे। पीड़ित ने घटना के तुरंत बाद पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही। पुलिस ने जांच में पाया कि पीड़ित के घर वाकई में चोरी हुई है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित के द्वारा दी गयी तहरीर पर जांच के बाद अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### महिला से छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

अमृत विचार, मोहनलालगंज : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 31 मई की दोपहर वह अपने बच्चों के साथ सो रही थी, तभी पड़ोसी सर्वेश घर के अंदर घुस आया और उसकी चारपाई पर लेटकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकला। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी है।

### छत पर सोता रहा परिवार चोर ले गए गहने व जेवर

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां के गोधना गांव निवासी किसान चंद्रप्रकाश सिंह, रामकिशोर यादव व रामचंद्र यादव तीनों पड़ोसी हैं। बीती 4 जून को तीनों लोग अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। देर रात चोरों ने तीनों के घरों से लाखों के जेवर व 34 हजार रुपये चोरी कर लिए। इंस्पेक्टर महिगवां ने मामलों में एफआईआर दर्ज की है।

# युवराज, आयुष्मान, लावण्या व सिद्धि ने दोहरे खिताब के लिए बढ़ाए कदम

## एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज-7 के एकल और युगल वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज-7 अंडर-12 के बालक वर्ग में यूपी के युवराज सिंह, आयुष्मान पाठक, बालिका वर्ग में लावण्या और सिंह और सिद्धि सिंह ने दोहरे खिताब की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। बालक वर्ग के एकल फाइनल में शीर्ष वरीय खिलाड़ी युवराज सिंह के सामने तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी के आयुष्मान पाठक की चुनौती होगी। बालिका वर्ग के एकल फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी की लावण्या सिंह का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त यूपी की सिद्धि सिंह से होगा।

ला मार्टीनियर स्थित एसडीएस अकादमी पर आज बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में युवराज सिंह और दिल्ली के अध्ययन के बीच रोमांचक जंग देखने को मिली।



एआईटीए चैंपियनशिप सीरीज-7 के बालिका वर्ग के मैच में शॉट लगातीं लावण्या।

युवराज ने अध्ययन को 1-4, 4-1, 4-2 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी के आयुष्मान पाठक ने पांचवी वरीयता प्राप्त गुजरात के मंत्रा रवि मंडालिया को आसानी से 4-2, 4-2 से हराया।

बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में लावण्या ने सातवीं वरीयता प्राप्त यूपी की अदित्री सिंह को 4-1, 4-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में यूपी की सिद्धि सिंह ने अपने ही प्रदेश की चौथी वरीयता प्राप्त सौंदर्या जायसवाल को 5-3, 4-1 से हरा कर फाइनल का टिकट हासिल किया।

**बालक युगल वर्ग के सेमीफाइनल के परिणाम**

- प्रणव शर्मा (यूपी) और युवराज सिंह (यूपी) की जोड़ी ने प्राची बसु (प. बंगाल) और ऐशन कुंडू (प. बंगाल) को 5-4 (3), 4-1 से हराया
- कृष्णा सिंह (यूपी) आयुष्मान पाठक (यूपी) की जोड़ी ने आरव शुक्ला (यूपी) और अथर्व गोयल (यूपी) की जोड़ी को 4-0, 5-3 से हराया

**बालिका युगल वर्ग सेमीफाइनल के परिणाम**

- सौंदर्या जायसवाल (यूपी) और लावण्या सिंह (यूपी) ने शुचिता त्रिपाठी (महाराष्ट्र) और परिधि ठाकुर (बीआर) को 4-2, 3-5, 4-0 से हराया
- सिद्धि सिंह (यूपी) और शुभी रंजन (यूपी) ने अदित्री सिंह (यूपी) और आशी किरण (यूपी) को 5-4 (5), 4-2 से हराया

# प्रदेश सब जूनियर, जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 20 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय सब जूनियर, जूनियर बालक और बालिका तैराकी प्रतियोगिता सिद्धार्थ नगर के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। दोनों वर्गों के मुकाबले 20 से 23 जून तक आयोजित किए जाएंगे। लखनऊ टीम के गठन के लिए चयन ट्रॉयल 11 जून को कॉल्विन ताल्लुकेदार्स स्वीमिंग पूल में होंगे।

एक ही दिन में जिला और मंडल स्तरीय मुकाबले होंगे। लखनऊ सब जूनियर वर्ग टीम में 10 बालक और 10 बालिका खिलाड़ियों के लिए चयन किया जाना है। जूनियर ग्रुप में 20 बालकों और 20 बालिकाओं को जगह दी जाएगी। बालक-बालिका जूनियर ग्रुप के ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़यों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**लखनऊ तैराकी टीम के गठन के लिए ट्रायल 11 को, काल्विन के पूल में होंगे मुकाबले**

## पर्यावरण दिवस पर साइकिल प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लुलु मॉल ने साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया। लुलु मॉल और डेकाथलॉन ने साथ मिलकर पर्यावरण को बेहतर और हरा भरा रखने की सोच से एक साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में एक बार में चार प्रतिभागी ही प्रतिभाग कर सकते थे। जीतने वाले प्रतियोगी को उपहार में पौधा दिया गया। मॉल के महाप्रबंधक समीर वर्मा ने कहा कि पर्यावरण बचाना और उसे सुरक्षित रखना हमारा पहला कर्तव्य होना चाहिए। आज के दौर में जब प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है, उसको संभालने का काम करने का एक मात्र तरीका है वातावरण का शुद्ध एवं हरा रखना।

# ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग चैंपियनशिप सितंबर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सितंबर के दूसरे सप्ताह में होने वाली ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर चैंपियनशिप में देशभर के पुलिस के साथ ही विभिन्न सुरक्षा बलों के जवान दम दिखाएंगे। दो हफ्ते तक चलने वाली चैंपियनशिप में कुश्ती, पंजा कुश्ती, बॉक्सिंग और बॉडी बिल्डिंग के मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप में 40 टीमों के 1500 खिलाड़ी इस खेल में हिस्सा लेंगे।

ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के निर्देशन में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की देखरेख में साई सेंटर में चैंपियनशिप के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बॉक्सिंग एरीना में मुक्केबाजी के मुकाबले होंगे। आयोजन के लिए एसएसबी की टीम ने सभी जगहों का निरीक्षण किया। इसमें हिस्सा लेने वाली टीमों में मेजबान एसएसबी के साथ बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एनएसजी, एसपीजी, सीआईएसएफ भी शामिल हैं। पिछले वर्ष मार्च महीने में आल इंडिया पुलिस गेम्स की मेजबानी लखनऊ को मिली थी जिसमें 1300 खिलाड़ियों ने पदक के लिए जोर आजमाइश की।

सफल आयोजन के बाद ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने एसएसबी को राष्ट्रीय स्तर की एक और चैंपियनशिप की मेजबानी दी है।

> एसएसबी लगातार दूसरे साल राष्ट्रीय स्तर के पुलिस खेलों की मेजबानी को तैयार है। उम्मीद है कि आगे भी इस तरह के राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होता रहेगा।
> – **रत्न संजय**, आईजी, एसएसबी

# लखनऊ फुटबॉल टीम के गठन को चयन ट्रायल 10 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता मऊ और बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 19 से 26 जून तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम हिस्सा लेगी। लखनऊ टीम के गठन के लिए जिला स्तर पर बालकों और बालिकाओं के चयन ट्रायल 10 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

चयन ट्रायल 12 जून को आयोजित होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी के अनुसार, दोनों ही चयन ट्रायल चौक स्टेडियम पर होंगे। जूनियर बालक वर्ग के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2009 से 31 दिसम्बर 2010 के बीच होनी चाहिए। जूनियर बालिका टीम के चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2008 से 31 जनवरी 2010 के बीच होनी चाहिए।

# पंजा कुश्ती में यूनिटी कालेज का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूनिटी कॉलेज के मल्टीपरपज हाल में गुरुवार को आयोजित जिला पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन यूनिटी कॉलेज ने बालकों के तीन भार वर्गों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल कर दबदबा बनाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, विशेष जांच चंद्र प्रकाश ने कियाा। कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी लोगों को स्वागत किया।

इस मौके पर कालेज के कार्यालय प्रबंधक शाहिद हुसैन के अलावा, विवेक श्रीवास्तव, असलम खान चीफ रेफरी, अनवर हुसैन, राजेश गुप्ता, सुमन चौधरी, राघवेन्द्र मिश्रा और हक सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता के पहले दिन बालक जूनियर वर्ग में तीन भार वर्गों में मुकाबले खेले गये। जिसमें यूनिटी कालेज के मोहम्मद रिजवी, मोहम्मद अमान ने स्वर्ण और यश सैनी ने रजत पदक जीतकर दबदबा बनाया।

**प्रतियोगिता के परिणाम**

- **बालक वर्ग–सब जूनियर** : 50 किग्रा– मोहम्मद रिजवी (स्वर्ण पदक) यूनिटी कालेज, विजेन्द्र रावत (रजत पदक), अमैकस अकादमी, प्रांजल गुप्ता (कांस्य पदक) अमैकस अकादमी।
- **बालक वर्ग– सब जूनियर** : 55 किग्रा – मोहम्मद अमान काजिम (स्वर्ण पदक) यूनिटी कालेज।
- **बालक वर्ग सब–जूनियर** : 70 किग्रा – अनुराग (स्वर्ण पदक) अमैकस अकादमी, यश्स सैनी (रजत पदक) यूनिटी कालेज।



जय श्री मूवी प्रोडक्शन और एमएस स्टूडियोज के बैनर तले बनी फिल्म मनिहार के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे एक्टर पंकज बेरी व अन्य। अमृत विचार

# चूड़ी बेचने वाले की प्रेमकथा है प्रदेश में बनी फिल्म मनिहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जयश्री मूवी प्रोडक्शन की फिल्म मनिहार प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्म मनिहार चूड़ी बेचने वाले एक युवक की कहानी है। 10 जून को लुलु और फिनिक्स मॉल के पीवीआर में यह फिल्म रिलीज होगी।

विधानसभा मार्ग स्थित एक होटल में फिल्म के निर्देशक संजीव कुमार राजपूत, कलाकार बदरुल इस्लाम, रोशनी रस्तोगी, एहसान कुरैशी और सन्नी ठाकुर ने बताया कि यह फिल्म रतौंधी जैसे रोग के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। फिल्म की 100 फीसदी शूटिंग उत्तर प्रदेश में की गई है। अधिकांश कलाकार भी उत्तर प्रदेश के ही हैं। इस मौके पर नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की ओर से चश्मों और ब्रेल लिपि में लिखी रामायण का वितरण भी किया गया।

# पेंशनरों को संगठित करने के लिए अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पेंशनरों को संगठित करने के लिए गुरुवार से अभियान भी शुरू किया गया है। 5 जुलाई तक देश भर में पेंशनरों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद नई सरकार से पेंशन बढ़ोतरी के लिए चार मांगें की जाएंगी।

यह जानकारी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के 7वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी और राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने कहा कि आंदोलन को व्यापक करना होगा। कार्यक्रम में राजशेखर नागर, उमाकांत सिंह बिसेन, राजेश तिवारी, दिलीप पांडे, आरएन द्विवेदी, अशोक बाजपेई, मेवा लाल शुक्ला, पंकज सिंह, एसके त्यागी व डीडी यादव रहे।



प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**आस्था** | बरगद के तने पर सूत लपेटकर पति के स्वास्थ्य और लम्बी उम्र की प्रार्थना की

# उत्साह के साथ सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरगदही अमावस्या पर महिलाओं ने व्रत रखा और वट सावित्री की पूजा की। महिलाएं विभिन्न इलाकों में वट सावित्री की पूजा करती दिखाई दीं, लेकिन गणेशगंज के तुलसी पार्क, प्राथमिक विद्यालय हाथीखाना, चौपटिया स्थित बड़ा शिवाला और चौक की अग्रवाल धर्मशाला में महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली।

बरगद के पेड़ के नीचे होने वाली इस पूजा को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। नये कपड़े पहनकर, सज-संवरकर महिलाएं पूजा करने के लिए अपने घरों से निकलीं। कुछ स्थानों पर महिलाओं की संख्या इतनी ज्यादा हो गई कि महिलाओं को लाइन लगाकर अपनी बारी आने का इन्तजार करना पड़ा।



चौपाटियो क्षेत्र के बड़ा शिवालय में वट सवित्री की पूजा करतीं महिलाएं।

ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर होने वाले इस व्रत में महिलाएं अपने पति के स्वास्थ्य और लम्बी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं। सुहागिनें व्रत रखती हैं और घी में आटे से बने बरगद के पत्ते के आकार के पकवान बनाकर उनका भोग लगाती हैं।

दरअसल वट वृक्ष के नीचे ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को मृत्यु के मुंह से छीन लिया था। इसी वजह से इस व्रत का नाम वट सावित्री पड़ा। महिलाएं शिव-पार्वती, यमराज, सावित्री और सत्यवान की पूजा करती हैं। वह बरगद के तने पर सूत लपेटकर अपने पति के स्वास्थ्य और लम्बी उम्र की प्रार्थना करती हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**
**NER-LJN-2024-80 से NER-LJN-2024-88 तक**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-80; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/पूर्व/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत (₹):** ₹76,29,566/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,52,600/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-81; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत (₹):** ₹1,43,99,784/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹2,22,000/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-82; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/बहराइच के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹56,00,000/-; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,12,000/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-83; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/मैलानी के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹67,69,840/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,35,400/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-84; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/सीतापुर के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,25,82,856/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹2,12,900/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-85; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/लाइन/लजं के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹86,13,277/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,72,300/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-86; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/विशेष/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹35,15,000/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹70,300/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-87; कार्य का नाम:** सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर/गोण्डा के क्षेत्राधिकार में समपारों की मरम्मत हेतु क्षेत्रीय कार्य जून, 2025; **अनुमानित लागत(₹):** ₹73,19,835/-; **अग्रिम धन(₹):** ₹1,46,400/-; **समापन अवधिः** समयान्तः 30.06.2025; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2024-88; कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल–ऐशबाग, सीतापुर, बलरामपुर, बढ़नी एवं बहराइच स्टेशनों पर ट्रेन पासिंग कार्यालय का निर्माण कार्य; **अनुमानित लागत(₹):** ₹1,49,16,833.47; **अग्रिम धन(₹):** ₹2,24,600/-; **समापन अवधिः** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2024-80** से **NER-LJN-2024-88** तक के लिए ई–निविदा दिनांक 27.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ**
मुजाधि/डब्ल्यू–104
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2024-89 (Two Packet System), **कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर कैण्ट-गोण्डा जं. (अप एवं डाउन) कुल 37.106 ट्रैक कि.मी. एवं मनकापुर-अयोध्या (एकल लाइन) 35.744 ट्रैक कि.मी. कुल 72.85 ट्रैक कि.मी. आइ.एस.डी. का कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 11,22,15,242.86, **अग्रिम धन** : रु. 7,11,100.00, **समापन अवधि** : 24 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-89 के लिए ई-निविदा दिनांक 03.09.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
मुजाधि/डब्ल्यू-102
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगिल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-12-2024-25 |
| कार्य का नाम | "एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ रोड अंडर ब्रिज (10 + 7) नंबर्स ऐट ए0 सी0 गेट्स इन एल0के0ओ0–पी0बी0एच0 सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थर्न रेलवे" |
| अनुमानित लागत | रु.23614521.32 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.268100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.06.2024 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तो निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेंमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106–सिग/टेंडर/12/2024–25 दिनांक : 05.06.2024 1685/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–6–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–24–2–कॉल |
| 2 | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के कोंधौर गुड्स शेड के सुधार के संबंध में टीआरडी कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 54,97,595.92/- |
| 4 | बयाना राशि | रु0 1,10,000.00/– |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। सं0 : टीआरडी–6–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–24–2–कॉल दिनॉक 04.06.2024 1693/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **26.06.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 04902024 dated 04.06.2024 | | |
| निविदा सं. | 08Sr.DEN-IV/LKO/2024-25 | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/चतुर्थ/लखनऊ के कार्यक्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर, उत्तर रेलवे/प्रथम और द्वितीय/सुलतानपुर के अधीन समपार जफराबाद–सुलतानपुर–उतरेटिया खण्ड में समपार संख्या 18/C, 20/C, 22/C, 25/C, 28/C, 37/C, 38/C, 40/C, 43/C, 44/C, 45/C, 49/C, 53/C, 56/C, 57/C, 60/C, 61/C, 62/C, 63/C, 87/C, 91/C, 110/C, 111/C, 112/C, 113/C, 114/C, 122/C, 126/C, 130/C, 132/C, 134/C, 155/C, 160/C, 164/C, 169/A & 177/C और अयोध्या कैंट–सुलतानपुर में समपार संख्या 2/C, 5/C, 7/C (Total-39 Nos.) पर निर्मित एल.एच.एस. से पानी निकालने का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹79,17,831.41 | धरोहर राशि | ₹1,58,400/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 04 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 12.06.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.06.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1675/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे** — **निविदा सूचना**

**जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) हेतु ई-निविदा**
**(यह निविदा सूचना नौकरी के लिये नहीं है)**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०) पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के 24 स्टेशनों के 60 लोकेशनों पर कमीशन के आधार पर UTS टिकट प्रणाली द्वारा अनारक्षित टिकट वितरण हेतु जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक के लिये कोटिवार ई–निविदा 01/2024 से 60/2024 तक आमंत्रित की जाती हैः–

| क्रम० सं० | स्टेशन | सामान्य | पिछड़ी | अनुसूचित | अनु. जनजाति | अल्प संख्यक | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | 4 | 1 | 1 | 1 | 1 | 8 |
| 2 | गोरखपुर | 3 | 1 | 1 | | 1 | 6 |
| 3 | गोण्डा | 2 | 1 | 1 | | 0 | 4 |
| 4 | बस्ती | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 6 |
| 5 | खलीलाबाद | 2 | 1 | | 1 | 0 | 4 |
| 6 | बादशाहनगर | 2 | | | 1 | 0 | 3 |
| 7 | ऐशबाग | 2 | 1 | | | | 3 |
| 8 | मनकापुर | 1 | 1 | | | | 2 |
| 9 | लखीमपुर | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 10 | लखनऊ सिटी | 1 | | | 1 | 1 | 3 |
| 11 | मोहिबुल्लापुर | 2 | | | | | 2 |
| 12 | बभनान | 1 | | | | | 1 |
| 13 | आनन्दनगर | 1 | 1 | 1 | | | 3 |
| 14 | सिद्धार्थनगर | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 15 | बढ़नी | 2 | 1 | | | 1 | 4 |
| 16 | बहराइच | 2 | 1 | 1 | | 1 | 5 |
| 17 | नानपारा | 1 | 1 | | | 1 | 3 |
| 18 | मैलानी | 1 | 1 | 1 | | 0 | 3 |
| 19 | गोला गोकरननाथ | 1 | | | | | 1 |
| 20 | तुलसीपुर | 1 | | | | 1 | 2 |
| 21 | शोहरतगढ़ | 1 | | | | | 1 |
| 22 | डोमिनगढ़ | 1 | | | | | 1 |
| 23 | गोमतीनगर | 1 | | | | | 1 |
| 24 | गोरखपुर कैण्ट | 1 | | | 1 | | 2 |

♦ वेबसाईट पर ई–निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 02-07-2024 को 15:00 बजे तक है यह ई–निविदा दिनांक 02-07-2024 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 02-07-2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ♦ इस निविदा हेतु मैनुअल माध्यम से कोई निविदा/आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई निविदा प्राप्त होती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ♦ टेण्डर फॉर्म का मूल्य की राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध माध्यम ऑनलाईन पेमेण्ट विधि (नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि) के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ♦ विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट *www.ireps.gov.in (E-Tendering module)* पर उपलब्ध है। ♦ निविदा मैनुवल रूप से निस्तारित की जायेगी।

मुजाधि/वाणिज्य-41 **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## एक नजर

### युवती से दुष्कर्म, जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** महिगवां क्षेत्र में बुधवार रात युवती से मजदूर ने दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंची युवती ने परिजन को आपबीती सुनाई। गुरुवार सुबह युवती के ममेरे भाई ने महिगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गांव निवासी, एक परिवार की बेटी सुबह शौच के लिए गई थी। तभी मजदूर अवधेश पीछा करते हुए पहुंचा और युवती से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकी देते हुए भाग निकला। किसी तरह से घर लौटी युवती ने परिवार को घटना बताई। युवती के ममेरे भाई ने महिगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है।

### परिवार को मैसेज कर लापता हुआ अधेड़

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमतीनगर थाना अंतर्गत विनीतखंड निवासी अरूण कुमार सिंह (55) ने गुरुवार सुबह बच्चों व भाइयों को व्हाटसअप पर मैसेज कर अपना ख्याल रखने के लिए कहा। उसके बाद संदिग्ध हालात में लापता हो गए। परिजन ने गोमतीनगर पुलिस को मामले की सूचना दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से उनकी तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि अरुण ने सुबह बच्चों व भाइयों को यह मैसेज किया कि बहुत परेशान हूं। मुझे माफ कर देना अपनी लाइफ का खत्म कर रहा हूं। इंस्पेक्टर ने बताया कि टीम उनकी तलाश में जुटी है।

### अस्पताल के गेट के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** विवेकानंद अस्पताल के गेट के पास गुरुवार को अज्ञात युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक, मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष के आसपास होगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मानसिक विक्षिप्त था। शव मोर्च्युरी में रखवा दिया है।

### दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज थाना अंतर्गत पजावा निवासी महिला नसीम की मौत के मामले में पिता जाबिर ने पति शादाब समेत अन्य के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। पीड़ित जाबिर ने बताया कि छह महीने पहले निकाह किया था। निकाह के कुछ दिन बाद से ही बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भर्ती नियमों में बदलाव के विरोध में पुलिस बोर्ड कार्यालय का घेराव

## डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने बीटेक पास को प्रक्रिया से बाहर किए जाने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस भर्ती बोर्ड पर प्रदर्शन करते पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती के अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** यूपी पुलिस रेडियो संवर्ग अभ्यर्थियों ने गुरुवार को भर्ती बोर्ड कार्यालय में प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने बोर्ड के खिलाफ नारे लगाए। कई अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया। ये सभी लोग भर्ती नियमों में बदलाव किये जाने से नाराज हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने साल 2021 में रेडियो संवर्ग भर्ती के लिए एक नोटिफिकेशन जारी किया। साल 2022 जनवरी में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। बीटेक अभ्यर्थियों ने भी फॉर्म अप्लाई किया था। जनवरी 2024 में बोर्ड ने रेडियो संवर्ग की परीक्षा कराई और 24 फरवरी को उत्तर पुस्तिका जारी किया गया था। भर्ती परीक्षा में शामिल डिप्लोमा अभ्यर्थियों ने बीटेक पास अभ्यर्थियों को प्रक्रिया से बाहर किये जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गए। 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दायर किया गया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि बीटेक पास अभ्यर्थियों की मेरिट ज्यादा होने के कारण भर्ती में उन्हें ही मौका मिलेगा। ऐसे में डिप्लोमा धारक भर्ती से बाहर हो जाएंगे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 8 अप्रैल को बोर्ड से जवाब मांगा। 23 अप्रैल को भर्ती बोर्ड की बैठक हुई और बीटेक अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया। फैसले के विरोध में गुरुवार को बीटेक पास अभ्यर्थी भर्ती बोर्ड कार्यालय के बाहर डट गए। उन्होंने बोर्ड के फैसले का विरोध किया और जमकर नारेबाजी की।

बीटेक अभ्यर्थियों ने कहा कि नियमावली बनाना शासन और सरकार का काम है। जब हम पहले एलिजिबल थे, तो बाद में हमें बाहर कैसे किया गया। अभ्यर्थियों ने कहा कि आरटीआई और आईजीआरएस के जवाब में हमें योग्य माना गया।

प्रदर्शन में हरदोई से शशि वर्मा, नवीन बालोदी, अंकित चौधरी आदि अभ्यर्थी मौजूद थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया।

## संदिग्ध हालात में होटल के कमरे में मिला युवती का शव

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट क्षेत्र में देवा रोड स्थित रेड बिल्डिंग होटल के कमरे में गुरुवार को युवती का शव बेड पर पड़ा मिला। कमरे से बदबू आने पर होटल कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि शव कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, होटल से बरामद शव की पहचान कामिनी रावत (22) मूल निवासी बाराबंकी के औरंगाबाद के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि 30 मई को युवती के गांव निवासी त्रिभुवन सिंह ने होटल में कमरा बुक कराया। इसके बाद तीन जून को युवती होटल पहुंची थी। दोनों साथ में रुके थे। इसके बाद त्रिभुवन चला गया था, लेकिन युवती कमरे में ही थी। 4 जून को त्रिभुवन का शव जीआरपी ने बरामद किया था। होटल कर्मचारी राकेश ने बताया कि दो दिन से कमरे से कोई बाहर निकला नहीं था। कमरे से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवती के परिजन को सूचना दी गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में 35 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी वेस्ट और क्राइम ब्रांच की टीम को मिली सफलता
- वजीरगंज थाना क्षेत्र में व्यापारी से लूट के मामले में था आरोपी

**अमृत विचारः** वजीरगंज क्षेत्र में गुरुवार देर रात मुठभेड़ के दौरान 35 हजार के इनामी डकैत को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कुछ दिन पहले ही डकैत ने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर किराना दुकानदार से 3.50 लाख रुपये की लूट की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

डीसीपी वेस्ट डॉ. दुर्गेश कुमार की टीम और क्राइम ब्रांच की टीम किराना व्यापारी हरद्वारी लाल वर्मा से लूट के मामले में फरार चल रहे डकैत राजीव श्रीवास्तव निवासी मीट चौराहा फैजुल्लागंज, थाना मड़ियांव की तलाश कर रही थी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक डकैत पर उस पर 35 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

गुरुवार रात करीब एक बजे टीम को मुखबिर से सूचना मिली की डकैती वजीरगंज क्षेत्र में कारगिल शहीद पार्क के पीछे मौजूद है। टीमों ने घेराबंदी की तो आरोपी फायरिंग करते हुये भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मार कर आरोपी के पास से जिस बाइक से लूट की थी, बाइक, तमंचा, बैग जिसमें लूट के रुपये और कपड़े हैं। मौके पर फोरेंसिक टीम पहुंच कर साक्ष्य इकत्रित कर रही है। घायल डकैत को गिरफ्तार कर इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मुठभेड़ में घायल डकैत

# फाटक के नीचे से रेलवे लाइन न पार करें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पम्फलेट बांटते डीआरएम एसएम शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर रेलने ने लोगों को जागरु किया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के नेतृत्व में गुरुवार को लखनऊ जं. रेलवे स्टेशन पर रेलवे समपारों पर होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें समपारों पर सावधानी बरतने को कहा।

भारत स्काउट एवं गाइड्स के सदस्यों ने समपारों पर अपनाई जाने वाली सावधानियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया। साथ ही लखनऊ परिक्षेत्र के समपार संख्या 03 एमएल (बादशाहनगर-मल्हौर) एवं समपार संख्या 06 एमएल (डालीगंज-बादशाहनगर) के मध्य जन जागरूकता कार्यक्रम में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। इन कार्यक्रमों में समपारों को पार करने में सावधानी बरतने की अपील की गई। रेलवे फाटक बंद होने पर उसके नीचे से न जाए। फाटक खोलने को गेटमैन पर दबाव न बनायें।

**डीआरएम ने वितरित किए पोस्टर और पैम्फलेट :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के संरक्षा विभाग की देखरेख में मानकनगर स्टेशन के पास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीआरएम एसएम शर्मा ने यहां पर लोगों को बंद क्रासिंग पार न करने की अपील की। डीआरएम ने यहां पर लोगों को संरक्षा संबंधी पोस्टर और पैम्फलेट वितरित किए। इस अभियान के तहत व्यस्त समपार फाटकों पर पूर्व रिकार्डेड सेफ्टी जिंगल्स चलाने, जन उद्घोषणा प्रणाली द्वारा यात्रियों को जागरूक करने, मंडल के लेवल क्रॉसिंगों पर संरक्षा संगोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को जागरुक करने को कहा।

## फंदे से लटका मिला डॉग ट्रेनर का शव

**अमृत विचार, पीजीआईः** पीजीआई थाना क्षेत्र में डॉग ट्रेनर के फंदा लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, तेलीबाग तेलीबाग निवासी शिवपाल सिंह (23) डॉग ट्रेनर थे। भाई दीपक के मुताबिक गुरुवार सुबह वह अपने काम पर चला गया था। शिवपाल घर में अकेले थे। दोपहर में शिवपाल के मोबाइल पर फोन किया पर संपर्क नहीं हो सका। घर आया तो देखा कि शिवपाल कमरे में पंखे के कुंडे से लटके मिले।

# ट्रैक्टर से टकरा कर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाद क्षेत्र में हरदोई-लखनऊ हाइवे पर हुआ हादसा
- निर्माणाधीन हाइवे की पेंटिंग कराने वाले ने खड़ा कराया था ट्रैक्टर

**अमृत विचार :** रहीमाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन हरदोई-लखनऊ हाइवे पर खड़े ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इकलौते पुत्र की मौत से वृद्ध मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद क्षेत्र में निर्माणाधीन हरदोई-लखनऊ हाईवे पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान गुरुवार को ग्राम जिन्दौर के पास डिवाइडर पर पेंटिंग का कार्य किया जा रहा था। सड़क पर ही पेंटिंग करा रहे ठेकेदार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े करा दिए थे। दोपहर करीब 1 बजे रामनगर निवासी सुरेन्द्र पाल (25) बाइक से रहीमाबाद चौराहे की ओर जा रहा था। रास्ते में जिन्दौर के पास सड़क पर खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार बेकाबू होकर टकरा गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गाड़ी से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बेसहारा हुई बुजुर्ग मां

ग्राम रामनगर निवासिनी चंद्रकला उर्फ रामरती के पति मुरली की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। इसके अलावा दो पुत्रों ने पूर्व में जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। गुरुवार को सड़क हादसे में तीसरे पुत्र सुरेन्द्र पाल की मौत भी हो गयी। इससे उसका बुढ़ापे का सहारा छिन गया। पुत्र की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की हत्या की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी दक्षिणी ने हत्या आरोपी पिता से की पूछताछ
- पुलिस ने गड्ढे से शव निकलवा कर कराया पोस्टमार्टम, शव में पड़ चुके थे कीड़े
- एक माह पहले पिता ने गड्ढे में दफन किया था बेटी का शव

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज क्षेत्र निवासी किशोरी की हत्या कर शव गड्ढे में दफन किया गया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह हत्यारोपी पिता से पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी ने किशोरी का एक माह पहले घर के पीछे मवेशियों के तबेले में गड्ढा खोद कर शव दफन किया गया था। पत्नी के थाने में शिकायत करने के बाद घटना सामने आई थी। फिलहाल डीसीपी जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों की जानकारी देने की बात कह रहे हैं।

मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में 6 मई की रात पिता ने 14 वर्षीया किशोरी की हत्या कर शव घर के पीछे तबेले में दफन किया था। जिसे पुलिस ने बुधवार को जिलाधिकारी की अनुमति लेकर गड्ढा खोदवा कर निकलवा कर मोर्च्युरी में रखवाया था। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम हाउस के सूत्रों के मुताबिक शव एक माह पुराना होने के कारण अंदर से सड़ गया था। इसके चलते कीड़े पड़ गये थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से किशोरी की मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा सिर पर भी चोट के निशान मिले हैं। फिलहाल इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव का कहना है कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। हत्या का क्या कारण रहा, पूछताछ व जांच पूरी होने के बाद ही बताया जा सकेगा।



रंजना (फाइल फोटो)

### यह है घटना

आरोपी की पत्नी 3 मई को मायके चली गई थी। घर पर आरोपी के अलावा 14 वर्षीय बेटी और दो बेटे थे। 2 जून को पत्नी मायके से लौटी तो बेटी नहीं दिखी। पूछने पर आरोपी ने बताया कि वह किसी के साथ भाग गई है। पत्नी को आशंका हुई तो दबाव बनाने के लिये मायके वालों को बुलाकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंची। जहां पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने बेटी के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात कही। इसके साथ ही जेल जाने के डर से शव गड्ढे में गाड़ना बताया। फिलहाल आशंका है कि किशोरी किसी युवक से बात करती थी। जिसकी भनक लगने पर उसने हत्या कर शव दफन कर दिया था। फिलहाल आरोपी पुलिस की हिरासत में है। उसकी मौजूदगी में ही शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

# छपरा-आनंद विहार सहित कई ट्रेनों के मार्ग बदले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ जंक्शन-मानक नगर व ऐशबाग-मानक नगर रेलखंड पर किया जाना ही प्री-नॉन इंटरलॉक कार्य

**अमृत विचारः** रेलवे ने छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष ट्रेन और गोरखपुर-हैदराबाद विशेष सहित कई ट्रेनों को मार्ग बदल कर चलाए जाने की तैयारी की गई है। लखनऊ जं.-मानकनगर और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के मध्य लाइन के कमिशनिंग के चलते प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य निरीक्षण निर्धारित है। ऐसे में ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, रि-शिड्यूलिंग और नियंत्रण कर चलाया जाएगा।

**इनका रहेगा मार्ग परिवर्तन :** छपरा से 08 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 05317 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष ट्रेन निर्धारित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर-लखनऊ-मानकनगर के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी ऐशबाग स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

गोरखपुर से 09 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02576 गोरखपुर-हैदराबाद विशेष ट्रेन निर्धारित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर-लखनऊ-मानकनगर के रास्ते चलायी जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ सिटी एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।

गोरखपुर से 10 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 22533 गोरखपुर-यशवन्तपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मल्हौर-ऐशबाग-मानकनगर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मल्हौर-लखनऊ-मानकनगर के रास्ते चलायी जायेगी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-5-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24-2 कॉल |
| 2 | कार्य का नाम | सेक्शनिंग में सुधार हेतु अकबरपुर से टांडा एस.एस.पी. तक 25 के.वी. फीडर तार लगाने एवं लखनऊ मंडल के अमौसी टी.एस.एस. में सी.बी. एवं ईटरप्टर के रिप्लेसमेंट हेतु डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 2,30,19,262.37 |
| 4 | बयाना राशि | रु. 2.65,100.00/- |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनॉक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक की वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); ''कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' या ''कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'' एक समान कार्य की परिभाषा होगी : Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट :** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं. टीआरडी-5-सीनि.डी.ई.ई./लखनऊ-24-2कॉल दिनॉक 04.06.2024** **1690/24**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़**



**मा० योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उ.प्र.

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024**

स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

**प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें।**

**उचित विकल्प अपनाएं जैसे**

**स्वच्छता को अपनाएं, न.पं. रानीगंज को स्वच्छ बनाएं**



**मा. ए.के. शर्मा**
कैबिनेट मंत्री,
नगर विकास, उ.प्र. सरकार

**पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़ द्वारा कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य**

- नगर नगर पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़ द्वारा 16 वार्डो में शत् प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।
- शहरवासियो एवं समस्त व्यवसायियों से अपील है कि घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को सेग्रीगेशन करते हुए नगर पंचायत कर्मचारियों को देना सुनिश्चित करें। कर्मचारियों को कूड़ा उपलब्ध न कराने की दशा में 200 रू0 प्रतिदिन की दर से जुर्माना वसूला जायेगा।
- किसी भी गृहस्वामी/प्रतिष्ठान द्वारा कूड़े को न0पं0 कर्मचारी को न देकर खाली प्लाटों, सड़क एवं नालियों में फेका जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली-2021) में वर्णित प्राविधानों के अनुसार 100 रू0 प्रतिदिन का जुर्माना वसूला जायेगा।

**वल्क वेस्ट जनरेटर (ठोस अपशिष्ट उत्सर्जक) इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु**

- सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 के अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस अपशिष्ठ कचरा उत्सार्जित/उत्पन्न करने वाली संस्थाये व इकाईयो जैसे होटल/रेस्टोरेंट/विवाह घर/हास्पिटल/कालेज/विश्वविद्यालय/कैन्टीन/रेजिडेंस वेल्फेयर ऐसोसिएशन /सब्जी मंडी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट अपने परिसर में किया जाना आवश्यक है।
- सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के प्रावधानो व नगर पंचायत द्वारा अधिसूचित उपनियमों (By-laws) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। इस संबंध में अपनाये जाने वाले प्राविधानो को सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 त नगर निकाय द्वारा प्रख्यापित उपनियमों को नगर पंचायत कार्यालय से या नगर पालिका की बेवसाईट से प्राप्त कर सकते है।
- समस्त प्रतिष्ठानो के प्रबन्धको से अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिष्ठान में सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पंचायत द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 का अनुपालन नही पाया जाता है, तो नगर पंचायत द्वारा सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) में वार्णित प्राविधानो के अनुसार 500 रू0 प्रतिदिन की दर से जुर्माना वसूला जायेगा।

**खुले में शौच /यूरिनल न करें**

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पंचायत क्षेत्र को अधिकारिक रूप से ODF+ घोषित किया जा चुका है। नगर क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिको से अपील है कि व शौच/यूरिनल के लिए घरो में स्थित शौचालय / यूरिनल अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्मित शौचालय / यूरिनल का उपयोग करेंगे। खुले में कदापि शौच / यूरिनल न किया जाए।
- नगर क्षेत्र के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) में वार्णित प्राविधानों के अनुसार जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी। खुले में/सार्वजनिक स्थान पर शौच करने पर 100 रू0 प्रतिदिन एवं खुले में/सार्वजनिक स्थान पर मूत्र विसर्जन करने या थूकने पर 50 रू0 प्रति प्रकरण का जुर्माना और यदि उक्त कृत्य दोबारा करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो दोगुने जुर्माने की राशि वसूली जायेगी।

**सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत मलवा निस्तारण का कार्य**

- नगर पंचायत रानीगंज प्रतापगढ द्वारा सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मलवा के कलेक्शन एवं निस्तारण हेतु स्वयं कार्यालय द्वारा किया जाता है।
- नगर क्षेत्र के समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवन के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलवा (सी0एण्ड0डी0वेस्ट) को सार्वजनिक स्थलो पर न फेंके।
- मलवे के निस्तारण हेतु उपरोक्त कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज प्रतापगढ़ में सम्पर्क करें, जिसका यूजर चार्ज 500 रू0 प्रति ट्राली की दर से लिया जायेगा। नगर क्षेत्र के किसी भू-स्वामी/ठेकेदार द्वारा खुले में मलवा फेका जाता है तो यह कृत्य सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 Environmental Protection Act एवं मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकारण, नई दिल्ली द्वारा पारित दिशा-निर्देश/आदेश का उल्लंघन है, जिस हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओ, सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) के अन्तर्गत 1500 रू0 तक जुर्माना एवं विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिराका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित सी0एण्ड0डी0 बेस्ट जेनरेटर का होगा।



**महेन्द्र कुमार सिंह**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रानीगंज, प्रतापगढ़



**संजीव रंजन**
जिलाधिकारी
प्रतापगढ़



**मीरा गुप्ता**
अध्यक्ष, नगर पंचायत
रानीगंज, प्रतापगढ़

पत्रांक- 53/न0पं0रानीगंज-2024 दिनांक- 05/06/2024

## एक नजर

### संजय सिंह के मामले में सुनवाई 10 जून को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने उपस्थिति के लिए अंतिम अवसर देते हुए 10 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

### अधिवक्ता हत्याकांड मामले में टली सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अभियोजन साक्ष्य में वादी से जिरह की प्रक्रिया में चल रहा है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी वकील आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### सेना के जवानों ने कुत्ते को डंडे से पीटकर मार डाला

**कानपुर, अमृत विचार :** छावनी थानाक्षेत्र में सेना के जवानों ने एक कुत्ते को डंडों से पीट-पीटकर मार डाला और गले में रस्सी बांधकर स्कूटी से खींचा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बेजुबान फाउंडेशन के संचालक ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। पुलिस कमिश्नर ने सैन्य अफसरों को जानकारी दी। विष्णुपुरी कॉलोनी के बेजुबान फाउंडेशन के संचालक विवेक तिवारी एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर से मिले। बताया कि छावनी की गोल्फ कोर्स कॉलोनी आर्मी के 8-9 जवानों ने एक कुत्तों को मिलकर डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया।

# इरफान को आगजनी मामले में सजा आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 3 जून को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपी हो चुके हैं दोष सिद्ध

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 5 आरोपियों पर दोष सिद्ध होने के बाद शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक सहित सभी आरोपियों को तलब किया है। शुक्रवार को सभी दोषियों को पुलिस कोर्ट लेकर पहुंचेगी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इरफान ने 22 दिसंबर 2022 को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में सरेंडर किया था। 3 जून को इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने आईपीसी की धारा 147, 323,436, 427 व 506 में दोषी करार दिया था।

# योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए : शिवपाल यादव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चुनाव परिणाम आने के बाद अपने आवास पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव
- बोले-समाजवादी पार्टी ने सभी जाति-धर्म के लोगों का वोट हासिल किया

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल



सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। यदि आज विधानसभा चुनाव हो जाएं तो प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार बनने में देर नहीं लगेगी। जनभावनाओं का आदर करते हुए अब योगी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। वह चुनाव परिणाम आने के बाद चौगुर्जी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा ने सभी जाति-धर्म का वोट हासिल किया है। इस जीत को देखते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और चुनाव कराने चाहिए। बसपा सुप्रीमो के मुस्लिम प्रत्याशियों को लेकर दिए बयान पर उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि यह बीजेपी से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम सब राम को मानने वाले हैं। सेकुलर प्रत्याशी की इस बार अयोध्या से जीत हुई है, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है।

# घूस लेते अवर अभियंता व दो संविदाकर्मी गिरफ्तार

संवाददाता, इटियाथोक



**अमृत विचार:** रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन की टीम ने अवर अभियंता और दो संविदा कर्मियों को गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार की शाम खरगूपुर विद्युत उप केंद्र के अवर अभियंता संतोष कुमार सिंह व संविदा कर्मी लाइनमैन जानकी नगर थाना खरगूपुर के धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी व संविदा कर्मी सुनील कुमार वर्मा निवासी बलरामपुर को देवतहा फीडर के इटहिया नबीजोत चौराहे पर अवैध विद्युत कनेक्शन की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान अवर अभियंता व संविदा कर्मियों ने रामदत्त निवासी शिवगढ़ थाना खरगूपुर से 16000 रुपए की डिमांड की।

एंटी करप्शन थाने की टीम के प्रभारी धनंजय कुमार सिंह प्रिंस सिंह राजकुमार यादव व वीरेंद्र तिवारी ने रिश्वत लेते समय गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

# बिकरू कांड: मनु पांडेय के घर की कुर्की

## चौबेपुर में एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, मकान सीज

संवाददाता, चौबेपुर



आरोपी मनु पांडेय।



पति शशिकांत।

**अमृत विचार।** चर्चित बिकरू कांड के बाद एनकाउंटर में मारे गए हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के मामा प्रेमप्रकाश पांडेय की पुत्रवधू मनु पांडेय के चौबेपुर कस्बा स्थित घर की गुरुवार को कुर्की की गई। बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में थाने की पुलिस ने कार्रवाई की और मकान सीज करने के साथ ही नोटिस लिखवाई। इस दौरान पुलिस को घर के अंदर कोई भी सामान नहीं मिला।

2 जुलाई 2020 की रात बिकरू गांव में कुख्यात विकास दुबे और उसके साथियों ने बिल्हौर सीओ समेत 8 पुलिस कर्मियों की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब पुलिस टीम एक मामले को लेकर हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के घर दबिश देने के लिए गई थी। घटना के अगले दिन सुबह पुलिस ने विकास दुबे के रिश्ते में मामा प्रेम प्रकाश पांडेय का एनकाउंटर किया था। इस बहुचर्चित कांड में सर्वाधिक ऑडियो प्रेमप्रकाश की बहू मनु पांडेय के वायरल हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद 17 जुलाई 2023 को माती गैंगस्टर कोर्ट से पुलिस ने घटना में शामिल रही मनु पांडेय के खिलाफ गैरजमानती वारंट हासिल किया था। 17 सितंबर 2023 को पुलिस ने धारा-82 का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। इधर, कोर्ट से 14 मई 2024 को मनु की संपत्ति की कुर्की का आदेश जारी होते ही मनु चौबेपुर कस्बा स्थित मकान में ताला बंद कर फरार हो गई थी। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे बिल्हौर एसडीएम रश्मि लांबा की मौजूदगी में राजस्व कर्मी व थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ थाने के ठीक सामने स्थित मनु पांडेय के मकान पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। संपत्ति को सीज कर दरवाजे पर नोटिस चस्पा कर दी गई है।

### समर्पण न करने पर हुई कार्रवाई

**चौबेपुर।** बिकरु कांड के मुख्य सरगना कुख्यात विकास दुबे की राजदार रही मनु पांडेय को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से किसी तरह की राहत नहीं मिलने पर पुलिस की ओर से उसे आत्मसमर्पण करने का मौका दिया गया था, लेकिन उसने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण नहीं किया। पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास करती रही। इसके बाद कोर्ट से आदेश मिलने पर उसकी संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की गई।

### हाईकोर्ट से खारिज हो गई थी याचिका

**चौबेपुर।** बिकरू कांड की आरोपी मनु उर्फ वर्षा पांडेय के खिलाफ जहां पुलिस ने गुपचुप तरीके से 17 जुलाई 2023 को एंटी डकैती कोर्ट से गैर जमानती वारंट हासिल कर लिया था, वहीं 14 सितंबर 2023 को मुनादी कराते हुए आरोपी के दरवाजे पर नोटिस भी चस्पा किया गया था। इसकी जानकारी होने पर आरोपी पक्ष की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, लेकिन कोर्ट ने 24 जनवरी 2024 को याचिका खारिज कर दी थी।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक



समपार फाटक जागरूकता दिवस पर लोगों को जागरूक करते रेलवे अधिकारी।

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** रेलवे ने 6 जून को अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, विभिन्न कार्यक्रमों से समपार फाटकों पर बरती जानी वाली सावधानियों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों और स्काउट-गाइड द्वारा समपार फाटकों पर आमजन को रेलवे सम्बंधित नियमों की जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही रेलवे द्वारा समपार फाटकों पर दुघर्टना से बचाव के लिये नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं प्रस्तुतीकरण द्वारा संरक्षा के बारे में निरन्तर जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं। अभियान के दौरान आरएस रनोट, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, प्रधान कार्यालय के संरक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षा विभाग की टीम ने फाटक संख्या 78 पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।

# रोककर चलायी जाएंगी यात्री ट्रेनें

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार:** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल पर यातायात ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन/पुनर्निर्धारण किया गया है। बाराबंकी स्टेशन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण अस्थायी रूप से निम्नानुसार विनियमित/पुनर्निर्धारित किया जाएगा। ट्रेनों का विनियमन/पुनर्निर्धारण लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस को 7 जून को 45 मिनट नियंत्रित की जाएगी। इसी दिन लखनऊ-गोरखपुर एक्सप्रेस को 20 मिनट नियंत्रित किया जायेगा। ऐशबाग-गोरखपुर को 10 मिनट नियंत्रित किया जाएगा। अयोध्या कैंट-आनंद विहार वंदेभारत शुक्रवार को रास्ते में 45 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। 04218 लखनऊ-वाराणसी स्पेशल 7 जून को 15 मिनट रोककर चलायी जाएगी। गोमती नगर-गोड्डा एक्सप्रेस 07 जून को गोमतीनगर से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जाएगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

# उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बना राम मंदिर : अवधेश

अयोध्या कार्यालय



अवधेश प्रसाद

**अमृत विचार :** फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सपा के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश, निर्देश पर हुआ। कोई भी सरकार होती तो न्यायालय के आदेश पर मंदिर का निर्माण करवाती ही करवाती। यह बातें उन्होंने गुरुवार को एक निजी चैनल से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि टिकट मिलने के बाद से ही 100 फीसदी तय हो गया था कि वह जीत जाएंगे। कारसेवकों पर गोली चलवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके नेता मुलायम सिंह यादव ने उस समय कहा था कि राम मंदिर अयोध्या में बने, सोने से बने लेकिन न्यायालय के आदेश पर या आपसी समझौते से बनाया जाए।

# बोलेरो ने चार को रौंदा, एक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार:** नैमिषारण्य से स्नान कर लौट रहे भक्तों को बोलेरो ने कुचल दिया जिससे अधेड़ की मौत हो गई। जबकि उसकी पुत्री व दो और बच्चे घायल हो गए। हादसा होने से सीतापुर रोड पर जाम लग गया। टड़ियावां के सिकरोहरी निवासी बलराम (55) पुत्री मंजू (16) संग लकड़ी बीन रहा था। साथ में गांव के संदीप का तीन वर्षीय पुत्र कार्तिक और लवकुश का तीन वर्षीय पुत्र आर्यन भी था। उसी बीच ये हादसा हो गया।

# मंदिर निर्माण कार्य में बढ़ाए जाएंगे एक हजार मजदूर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि के निर्माण कार्य मे तेजी लाने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही निर्माण कार्य में एक हजार मजदूरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में एलएंडटी ने दो हजार मजदूर निर्माण कार्य में लगाए हैं। बीते दिनों निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण को गति दिए जाने को लेकर निर्णय लिया गया था। राम मंदिर के प्रथम तल के बाद द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। 31 दिसम्बर तक शिखर का भी निर्माण हो जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटा और उसमें छह पंचायती मन्दिर का भी निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर में शेषावतार और सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण की डेड लाइन तय कर दी गई है।

# 5000 मीटर रेस वॉक में निरंजन, वसंथी व सुखबीर विजेता

अयोध्या कार्यालय

- प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को हुई प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5000 मीटर रेस वॉक 75-79 पुरुष में वेस्ट बंगाल के निरंजन सरकार प्रथम, मानिक लाल द्वितीय, महिला में केरल की वसंथी प्रथम व छत्तीसगढ़ की कमला द्वितीय रहीं। 80-84 पुरुष वर्ग में हरियाणा के सुखबीर प्रथम, यूपी के हरवीर द्वितीय रहे। 85-89 पुरुष वर्ग में तेलंगाना के गंपा कैलासम प्रथम रहे।

मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन उप्र के महासचिव कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीलंका, सिंगापुर, बंग्लादेश, व नेपाल सहित भारत के विभिन्न प्रांतों की महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 5000 मीटर रेस वॉक 30-34 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में उप्र के चंचल कुमार प्रथम, एमपी के सनत मेहरा द्वितीय और महिला वर्ग में उप्र की आरती पांडेय प्रथम, मोहिनी द्वितीय स्थान पर रहीं।



अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पैदल चाल प्रतियोगिता के विजेता।

35- 39 पुरुष वर्ग में एमपी के राजाराम प्रथम, हरियाणा के इकलास जुबेर द्वितीय व महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की सुनीता प्रथम व बिन्दु द्वितीय रहीं। 40-44 महिला वर्ग में केरल की लिन्सी प्रथम, वेस्ट बंगाल की सुप्रिया द्वितीय रहीं। 45-49 पुरुष वर्ग में एमपी के रवि प्रथम, वेस्ट बंगाल के सगोर द्वितीय और महिला वर्ग में केरल की लीथा प्रथम, आन्ध्र प्रदेश की एनवी ऊषा द्वितीय रहीं। 50-54 पुरुष वर्ग में झारखंड के संजीब प्रथम, छत्तीसगढ़ के जगेश्वर द्वितीय व महिला में उड़ीसा की बबिता प्रथम व छत्तीसगढ़ की पुष्पलता द्वितीय रहीं। 55-59 पुरुष वर्ग में यूपी के हरविन्द प्रथम, झारखंड के महेश द्वितीय तथा महिला में केरल की सरोजनी प्रथम व वेस्ट बंगाल की दीप्ति द्वितीय रहीं।


## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुन:।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।




### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दू |
| 6 तो | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 19 .43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** – आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** – आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं, लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे, किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** – आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है, किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** – आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** – आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** – आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** – आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** – आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।


## आज की फिल्में

B4U Movies
मि. नटवरलाल – सुबह : 10 .32
देवता – रात : 07 .00

Sony Pix
जस्टिस लीग – सुबह : 11 .03
द मास्क – रात : 09 .00

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती – सुबह : 11 .24
ड्रीम गर्ल – रात : 08 .00

Zee Cinema
तारे जमीन पर – सुबह : 09 .50
प्यार झुकता नहीं – रात : 07 .30

Colors Cineplex
रफू चक्कर – सुबह : 10 .22
भागम भाग – शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे


## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी- अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासम : सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।


## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपातः ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबंद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है, लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।

के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है, लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66.4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1.8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी, अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं, बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है, बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी, लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद, पार्टी की नाकामियों, जन संवादहीनता, बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से, यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा, जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने, छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा, क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे, जो वोट डालने नहीं निकले, यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया, जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।


अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है, जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं, वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य, शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य, आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

-फेसबुक वॉल से

# केर बेर का संग

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना, अयोध्या में पराजय, वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए, चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय, राजग में रहते हुए, सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं, मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को, "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी

जल ही जीवन है, यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते, नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।



राज नारायण
बरेली

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए, आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे, जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की और कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले, बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़े, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे, जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें, तो बिना अधिक संसाधन लगाए, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।



# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आईसीसी मौन, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा कि पिच बेहद खराब है। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच है जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजों के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नामेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरूष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से




**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# स्वियातेक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**पेरिस।** एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन, एजेंसी



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। हेड (12) और कप्तान मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने आरोन फिंच को पछाड़ा।

# अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर किया उलटफेर

डलास, एजेंसी




मोहम्मद आमिर ने सुपर ओवर में दिशाहीन गेंदबाजी करते हुए सात वाइड सहित 18 रन दिए जिसके बाद सौरभ नेत्रवलकर ने सिर्फ 13 रन खर्च करके अमेरिका को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान पर पांच रन की उलटफेर भरी जीत दिलाई जो उसकी लगातार दूसरी जीत है।

आमिर के सुपर ओवर में अमेरिका ने आरोन जेम्स (11) और हरमीत सिंह (नाबाद 00) की पारियों से एक विकेट पर 18 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में नेत्रलवकर के ओवर में एक विकेट पर 13 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की तरफ से फखर जमां (नाबाद 00), इफ्तिखार अहमद (04) और शादाब खान (नाबाद 03) बल्लेबाजी के लिए उतरे। इससे पहले पाकिस्तान के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका ने कप्तान मोनांक पटेल (50 रन, 38 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के अर्धशतक और एंड्रीज गौस (35) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 68 रन की साझेदारी से तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला टाई किया। आरोन जोन्स (26 गेंद में नाबाद 36) और नितीश कुमार (नाबाद 14) ने अंतिम ओवर में 13 रन बनाकर मैच टाई कराया।

पाकिस्तान ने इससे पहले कप्तान बाबर आजम की 43 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 44 रन की पारी और शादाब (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 159 रन बनाए। अमेरिका की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नोस्तुश केनजिगे सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। नेत्रवलकर ने 18 रन पर दो विकेट हासिल किए।

# भारत ने कुवैत से ड्रॉ खेलकर दी सुनील छेत्री को विदाई



कोलकाता, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए।

### सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच

**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।

### छेत्री के बनाए रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल : नबी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

**दिग्गजों की राय** | रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।



## जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भारत में गठबंधन सरकारों का इतिहास

लगातार 10 सालों तक पूर्ण बहुमत के दम पर केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में सरकार चलाने के लिए गठबंधन के सहयोगी दलों की बहुत अधिक जरूरत होगी। क्योंकि जनता जनार्दन ने इस बार भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत नहीं दिया है। गठबंधन शब्द लैटिन भाषा के कोलिटियो से मिलकर बना है। इसका मतलब होता है- एक साथ बढ़ना। आइए भारत में गठबंधन सरकारों के इतिहास के बारे में कुछ जानकारी साझा करते हैं।



### देश में पहली गठबंधन सरकार

1977 में देश में गठबंधन सरकार के गठन ने गठबंधन राजनीति के युग की नींव रखी। शुरुआत जनता पार्टी की सरकार से हुई, जिसके प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई थे। जनता पार्टी में कुल 13 दल शामिल थे। यह पहली गैर-कांग्रेसी सरकार थी। हालांकि, अटल बिहारी वाजपेयी के समर्थन लेने के चलते जनता पार्टी की सरकार गिर गई और जनता दल (सेक्युलर) के चौधरी चरण सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। हालांकि वे 1980 तक ही पद पर बने रह सके।

### कब बना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)

1998 के आम चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बना, जिसमें 13 दल शामिल थे। चुनाव बाद एनडीए की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने, लेकिन एआइडीएमके के समर्थन वापसी से 13 दिन में ही यह सरकार गिर गई। इसके बाद 1999 में चुनाव हुआ, जिसमें एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला और फिर अटल जी प्रधानमंत्री बने।

### कब हुआ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का गठन

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार बनी और डॉक्टर मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने। यूपीए की सरकार को सपा और वाम दलों का भी बाहर से समर्थन प्राप्त था। इस चुनाव में यूपीए को 222 सीटें मिली थीं। बाद में, 2008 में वाम दलों ने यूपीए सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, तब सपा ने सरकार को गिरने से बचाया था।

### कब बनती है गठबंधन की सरकार

जब चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिलता, तब गठबंधन की सरकार बनती है। इसकी वजह भारत में बहुदलीय व्यवस्था का होना है। कई दल होने से किसी एक पार्टी को बहुमत मिलना मुश्किल होता है।

### गठबंधन की राजनीति के जनक

भारत में गठबंधन की राजनीति का जनक समाजवादी नेता डॉक्टर राममनोहर लोहिया को माना जाता है। उन्होंने 1960 के दशक में कांग्रेस के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट किया।

## एक नजर

### भाई ने कबूला- प्रभाकरण 2009 में मारा गया

**कोलंबो।** लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं। लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे।

### महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8:11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### सूडान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध
- कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा

चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक, ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि (चीन) के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब एक संवाददाता ने इस मामले को लेकर माओ से उनकी टिप्पणी मांगी तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ





राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है। माओ निंग ने कहा, एक-चीन सिद्धांत अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त मानदंड है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस पर आम सहमति है। भारत ने इस पर गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धताएं व्यक्त की हैं और उससे अपेक्षा की जाती है कि वह ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों को पहचाने, चिंतित हो तथा उनका विरोध करे। चीन ने इसे लेकर भारत के सामने अपना विरोध दर्ज कराया है। मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं।



## आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।

# छह आरोपियों पर यूएपीए के तहत मुकदमे की मंजूरी दी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में उपराज्यपाल ने दिए निर्देश

दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाए जाने की घटना में कथित संलिप्तता के लिए छह लोगों पर सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राजनिवास के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

संसद पर 2001 के आतंकवादी हमले की बरसी के दिन पिछले साल 13 दिसंबर को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना उस वक्त हुई थी, जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गये थे और उन्होंने 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था। इस मामले में छह लोगों- मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राजनिवास के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत आवश्यक मंजूरी के लिए अनुरोध किया था।

# सिंध में करतारपुर जैसा गलियारा बनाने का प्रस्ताव

कराची/दुबई, एजेंसी

पाकिस्तान के एक प्रांतीय मंत्री ने भारत की सीमा से लगे सिंध प्रांत के इलाकों में करतारपुर जैसा धार्मिक गलियारा खोलने का विचार प्रस्तावित किया है, ताकि हिंदू एवं जैन धर्म के लोग पाकिस्तान स्थित अपने ऐतिहासिक धार्मिक स्थल आ सकें। सिंध के पर्यटन मंत्री जुल्फिकार अली शाह ने बुधवार को सिंध प्रांत में पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी एक कार्यक्रम को दुबई में संबोधित करते हुए यह प्रस्ताव रखा।

पाकिस्तान की अधिकतर हिंदू आबादी सिंध प्रांत में रहती है। शाह ने कहा कि यह गलियारा उमरकोट और नगरपारकर में बनाया जा सकता है। उमरकोट में श्री शिव मंदिर है, जिसे सिंध के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक माना जाता है। कुछ लोगों का मानना है कि इसका निर्माण 2,000 साल से भी पहले हुआ था। नगरपारकर में भी कई परित्यक्त जैन मंदिर हैं। नगरपारकर में बड़ी संख्या में हिंदू रहते हैं। सिंध सरकार के प्रवक्ता ने पीटीआई को पुष्टि की कि पर्यटन मंत्री शाह ने अपने विभाग के अधिकारियों के साथ इस संभावना पर चर्चा की है।




**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुनः प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

# चीन से संबंध मजबूत करेंगे पाक पीएम

बीजिंग, एजेंसी

- चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ
- शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।




# यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- एशिया-प्रशांत देशों की सीट के लिए पाकिस्तान को 182 वोट

पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को 2025 से शुरू हो रहे दो साल के कार्यकाल के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य चुना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

# बॉलीवुड हलचल

## अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

## कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या !



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।

## हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

**खगोल विज्ञान** | गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

### तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।



पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। ● अमृत विचार